* ओड़िशा संस्करण

9 YEARS

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सफलता के 9 वर्ष

रांची 17 जून, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 237, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 17 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# भाजपा के सामने नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की चुनौती

## ■ पार्टी की कमान संभालने के लिए जरूरी है एक प्रभावशाली चेहरा

## ■ संघ से खटपट के बाद पार्टी संगठन के लिए बड़ी हो गयी है चुनौती

## ■ बड़ा सवाल: मोदी, शाह और योगी के बाद भाजपा का बड़ा चेहरा कौन

**आजाद सिपाही विशेष**

**नरेंद्र मोदी सरकार के लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण करने और जेपी नड्डा के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद अब सियासी हलकों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर अटकलें तेज हो गयी हैं। नड्डा का कार्यकाल इसी महीने के अंत में खत्म हो रहा है और ऐसी चर्चा है कि उससे पहले भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जायेगा। लेकिन भाजपा के लिए यह काम बहुत मुश्किल होता दिख रहा है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के बाद अब इस बात की जरूरत महसूस की जाने लगी है कि भाजपा की कमान किसी ऐसे नेता को सौंपी जाये, जिसका अपना भी कुछ प्रभाव हो। भाजपा के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि अभी पार्टी में ऐसा कोई चेहरा तत्काल सामने नहीं है, जिसकी पहचान पूरे देश में हो। पार्टी में अभी हर स्तर पर एक ही सवाल है कि मोदी, शाह और योगी के बाद चौथा कौन। कुछ लोग इसका जवाब जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और अनुराग ठाकुर के रूप में देते हैं, लेकिन ऐसा कहनेवालों का भी यही मानना है कि इनमें से पहले तीन तो केंद्रीय मंत्री हैं और अनुराग ठाकुर अपेक्षाकृत युवा हैं। इसके अलावा भाजपा के सामने दूसरी बड़ी समस्या संघ के साथ उसकी खटपट है। ऐसे में हाल ही में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयानों के बाद माना जा रहा है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में अब संघ की ही चलेगी। ऐसे में स्पष्ट है कि भाजपा के सामने नया अध्यक्ष चुनने की बड़ी चुनौती है। क्या है यह चुनौती और कौन से नाम चर्चा में हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार देश में एनडीए की सरकार बन गयी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेकर मोदी सरकार का हिस्सा बन गये हैं। मोदी सरकार की नयी मंत्रिपरिषद के गठन के साथ ही भाजपा संगठन में बदलाव की नींव भी रख दी गयी है। जेपी नड्डा के मंत्रिमंडल में शामिल होने के साथ ही अब भाजपा को नये अध्यक्ष की तलाश करनी होगी। वैसे भी नड्डा का कार्यकाल इसी महीने के अंत में खत्म हो रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि भाजपा की कमान अब किसे मिलेगी और भाजपा इस चुनौती से कैसे निबटेगी।

### 2014 के बाद से नड्डा तीसरे अध्यक्ष

2014 में राजनाथ सिंह भाजपा अध्यक्ष थे और लोकसभा चुनाव में जीत के बाद वह केंद्र में मंत्री बन गये थे। इसके बाद भाजपा संगठन में बदलाव हुआ था और अमित शाह को पार्टी की कमान सौंपी गयी थी। अमित शाह के भाजपा अध्यक्ष रहते हुए 2019 में लोकसभा चुनाव हुए थे। जीत के बाद अमित शाह मोदी कैबिनेट का हिस्सा बन गये थे, जिसके चलते उन्होंने भाजपा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। अमित शाह के बाद भाजपा की कमान जेपी नड्डा ने संभाली। नड्डा के भाजपा अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल जनवरी 2023 में पूरा हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनावों को देखते हुए जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था।

### कैसा रहा नड्डा का कार्यकाल

जेपी नड्डा के अध्यक्ष रहते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव हुए हैं। चुनाव नतीजे के बाद राजनाथ सिंह और अमित शाह की तरह जेपी नड्डा भी मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री बन गये हैं। जहां तक उनके कार्यकाल में पार्टी के चुनावी प्रदर्शन का सवाल है, तो यह मिला-जुला रहा। नड्डा अपने गृह प्रदेश हिमाचल में पार्टी को सत्ता में वापस नहीं ला सके, लेकिन मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी ने शानदार वापसी की। इतना ही नहीं, नड्डा के कार्यकाल में ही भाजपा को पहली बार ओड़िशा में ऐतिहासिक कामयाबी मिली और आंध्रप्रदेश में भी वह सत्ता में आयी। लोकसभा चुनाव में हालांकि भाजपा को 2019 के मुकाबले थोड़ी निराशा हाथ लगी, लेकिन वह अपने सहयोगियों की मदद से लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब हो गयी।

चूंकि नड्डा अब केंद्रीय मंत्री बन गये हैं, इसलिए अब पार्टी संगठन में बड़ा बदलाव दिखेगा। नड्डा के संभावित उत्तराधिकारी का चुनाव भाजपा के लिए आसान नहीं है। भाजपा अब समझ गयी है कि उसे कुछ दमदार चेहरों को पार्टी में सामने लाने की जरूरत है, क्योंकि आनेवाले दिनों में झारखंड, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, यूपी और कई अन्य राज्यों में चुनाव होनेवाले हैं। भाजपा को अब एक ऐसे चेहरे की जरूरत है, जिसका अखिल भारतीय प्रभाव हो और जिसकी पूरे देश में पहचान हो। ऐसे में नड्डा के उत्तराधिकारियों में पहले सीआर पाटिल, शिवराज सिंह चौहान और भूपेंद्र यादव का नाम चर्चा में था, लेकिन इन सभी को मोदी कैबिनेट में शामिल किये जाने के बाद अटकलों ने और जोर पकड़ लिया है।



### अध्यक्ष पद से पहले राज्यों में होंगे संगठन चुनाव

भाजपा अपने नये अध्यक्ष के चुनाव से पहले नये सदस्यता अभियान की शुरुआत करेगी और उसके बाद राज्यों में संगठन के चुनाव करायेगी। तय नियमों के मुताबिक अध्यक्ष चुनने से पहले कम से कम 50 फीसदी राज्यों में पार्टी के संगठन का चुनाव होना जरूरी है। ऐसी स्थिति में नड्डा का कार्यकाल या तो बढ़ेगा या फिर किसी नेता को फिलहाल कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा सकता है। भाजपा ने हाल ही में अपने संविधान में संशोधन कर पार्टी के शीर्ष निकाय संसदीय बोर्ड को आपातकालीन स्थिति में अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार दिया है।

### भाजपा में अध्यक्ष चुनने की यह होती है प्रक्रिया

भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी के एक निर्वाचक मंडल की ओर से किया जाता है। निर्वाचक मंडल में राष्ट्रीय और राज्य परिषदों के सदस्य होते हैं। किसी राज्य के निर्वाचक मंडल के कोई भी 20 सदस्य किसी ऐसे व्यक्ति के लिए प्रस्ताव कर सकते हैं, जो कम से कम चार कार्यकाल तक सक्रिय सदस्य रह चुका हो। साथ ही इनकी सदस्यता भी कम से कम 15 साल हो चुकी हो। कोई भी संयुक्त प्रस्ताव कम से कम पांच राज्यों से आना चाहिए, जहां राष्ट्रीय परिषद के लिए चुनाव पूरे हो चुके हों।

### अध्यक्ष के चुनाव में एक पैटर्न रहा है

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्षों की नियुक्ति में पार्टी का एक पैटर्न रहा है। राजनाथ सिंह के अध्यक्ष रहते हुए उत्तरप्रदेश के प्रभारी अमित शाह थे और चुनाव के बाद भाजपा के अध्यक्ष बने थे। अमित शाह के अध्यक्ष रहते हुए जेपी नड्डा यूपी के प्रभारी थे और 2019 के चुनाव के बाद पार्टी की कमान संभाली है। ऐसे में पहले पार्टी अध्यक्ष पद के लिए जो नाम चर्चा में थे, उन्हें अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जा चुका है। इसलिए नये नामों की चर्चा हो रही है।

### इन नामों की चल रही थी चर्चा

पहले मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के दिग्गज नेता भूपेंद्र यादव जैसे नेताओं के नाम की चर्चा चल रही थी। लेकिन इन सभी नेताओं को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिल गयी है। इस बार के चुनावी नतीजे जिस तरह से आये हैं और बहुमत से कम सीटें आयी हैं, उसके चलते ही भाजपा के लिए ऐसे अध्यक्ष की जरूरत है, जो पार्टी के खिसके सियासी आधार को दोबारा से वापस ला सके। 2024 के चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ा झटका दलित वोटों के खिसकने से लगा। यूपी जैसे राज्यों में जहां परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे और महाराष्ट्र तथा राजस्थान में भी झटका लगा है। दलित ही नहीं, मोदी के नाम पर आया ओबीसी वोट भी अब छिटका है।

### सवर्ण नेताओं के हाथ में रही है भाजपा की कमान

पिछले 15 साल से भाजपा की कमान सवर्ण नेताओं के हाथों में रही है। राजनाथ सिंह ठाकुर समुदाय से आते हैं तो जेपी नड्डा ब्राह्मण समाज से हैं। पीएम मोदी एक बार फिर से प्रधानमंत्री बने हैं, जिसके लिहाज से किसी सवर्ण समुदाय के नेता के ही अध्यक्ष बनने की संभावना मानी जा रही है। सवर्ण समुदाय भाजपा का कोर वोट बैंक है, जिसे नजरअंदाज करना भी मुश्किल लग रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा अध्यक्ष के लिए ऐसे चेहरे की तलाश है, जो मोदी-शाह के करीबी होने के साथ-साथ पार्टी संगठन को भी बखूबी समझता हो।

### क्या है असली चुनौती

इसलिए भाजपा के नये अध्यक्ष के लिए पार्टी के अंदर और सरकार के साथ संतुलन बना कर चलने की चुनौती होगी। नये अध्यक्ष के लिए झारखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के चुनाव में बेहतर करके दिखाना होगा। पार्टी ऐसे नेता को कमान सौंपना चाहती है, जो भाजपा के सियासी मंझधार से निकाल कर दोबारा से फिर 2014 जैसे सियासी मुकाम दिला सके।

### ये नाम हैं चर्चा में

अब भाजपा अध्यक्ष पद की दौड़ में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, बीएल संतोष, अनुराग ठाकुर, के लक्ष्मण, ओम माथुर, सुनील बंसल के अलावा स्मृति इरानी के नाम भी आगे चल रहे हैं। इनके अलावा वसुंधरा राजे सिंधिया, अन्नामलाई, तमिलसाई सुंदरराजन और राजीव चंद्रशेखर का नाम भी चर्चा में है। लेकिन इन सबके साथ मुश्किल यह है कि किसी का भी प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है। कुछ नेताओं के पास संगठन चलाने का व्यापक अनुभव जरूर है, लेकिन हाल के दिनों में पार्टी के प्रदेश प्रभारियों पर जिस तरह के आरोप लगे हैं, उससे भी भाजपा का शीर्ष नेतृत्व परेशान है।

### संघ की इच्छा से ही चुना जायेगा नया अध्यक्ष

जानकार कहते हैं कि भाजपा भले ही राजनीतिक पार्टी हो, मगर संगठन में हमेशा संघ की ही चलती है, क्योंकि इसे चलाने वाले लोग ज्यादातर संघ से ही जुड़े होते हैं। मोहन भागवत ने हाल ही में बयान दिया था कि एक सच्चा सेवक मर्यादा का पालन करता है। जिसमें 'मैंने किया' का भाव नहीं होता, अहंकार नहीं होता। केवल वही व्यक्ति सही अर्थों में सेवक कहलाने का अधिकारी होता है। पार्टी नेतृत्व को लेकर भागवत का यह बयान बेहद मायने रखता है। ऐसे में पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका काफी अहम मानी जा रही है। भाजपा को आरएसएस का राजनीतिक संगठन माना जाता है, ऐसे में संघ अब नहीं चाहेगा कि आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन खराब हो।

---

# स्मार्ट सिटी बनी केंद्रीय एजेंसियों की पसंदीदा जगह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्मार्ट सिटी केंद्रीय एजेंसियों और बैंकों का पसंदीदा प्लेस बनता जा रहा है। धुर्वा में 656 एकड़ एरिया में डेवलप हुए रांची स्मार्ट सिटी के एडीबी एरिया में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, बैंक ऑफ बड़ौदा और नाबार्ड बैंक समेत कई एजेंसियां जमीन तलाश रही हैं। इन एजेंसियों और बैंकों ने रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन से एडीबी एरिया में ऑफिस और रेसिडेंशियल यूज के लिए जमीन लेने के लिए एप्रोच किया है। इसे लेकर स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीइओ और सीएमडी के नाम से आवेदन दिये गये हैं। इन आवेदनों पर विचार करने के बाद स्मार्ट सिटी जमीन देने को लेकर फैसला लेगा। इससे पहले स्मार्ट सिटी ने रांची नगर निगम को अपोलो अस्पताल के लिए स्मार्ट सिटी में 2.75 एकड़ जमीन मुहैया करायी है। अपोलो यहां 250 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियिलिटी अस्पताल खोलेगा। वहीं यातायात विभाग के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए स्मार्ट सिटी में ट्रैफिक पार्क बनाने के लिए उसे 3.5 एकड़ जमीन दी गयी है, जबकि जुडको को मंत्री बंगलो बनाने के लिए 9 एकड़ जमीन दी गयी थी।

**निवेशकों की जमीन की हुई रजिस्ट्री, जल्द शुरू होगा काम :** स्मार्ट सिटी के 51 प्लॉट के लिए सबसे पहले मार्च 2021 में नीलामी शुरू हुई थी। पहली बार के ई-ऑक्शन में कुल नौ निवेशकों को जमीन आवंटित हुई थे। इनमें रेसिडेंसियल यूज और मिक्स यूज की जमीन थी। इसके बाद अप्रैल 2023 तक हुए दो फेज के ऑक्शन में एक-एक निवेशकों को जमीन मिली। पहले, दूसरे और तीसरे फेज में जिन निवेशकों ने जमीन ली है, उनके प्लॉट की रजिस्ट्री हो चुकी है, जल्द ही उस पर काम शुरू होने वाला है। पहले चरण में स्मार्ट सिटी में 52.19 एकड़ जमीन पर करीब 5000 फ्लैट का निर्माण किया जायेगा। नक्शा स्वीकृत होने के बाद इसी साल निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा और अगले दो साल में निर्माण कार्य कंप्लीट हो सकता है।

**इ-ऑक्शन के जरिये अब तक 16 प्लॉट की नीलामी**

रांची स्मार्ट सिटी में अब तक 16 प्लॉट को ई ऑक्शन के जरिये निवेशकों को दिया गया है। अप्रैल 2024 में स्मार्ट सिटी के चौथे चरण के ऑक्शन के तहत पांच निवेशकों ने ऊंची बोली लगा कर जमीन अपने नाम किया है। चौथे चरण में मेडिकल कॉलेज, टेक्निकल कॉलेज और स्कूल के लिए जमीन आवंटित की गयी है। स्कूल के लिए रिजर्व कुल नौ एकड़ प्लॉट वैभव विकास न्यास को आवंटित किया गया है, वहीं एक्फाई यूनिवर्सिटी को टेक्निकल कॉलेज के लिए 10 एकड़ जमीन दी गयी है। राहट पाथ फाउंडेशन जेवी को मेडिकल कॉलेज के लिए आठ एकड़ जमीन मिली है। वेंचर स्किल को इंस्टीट्यूट के लिए चार एकड़ जमीन और अनंता रियिलिटी को मिक्स यूज के लिए तीन एकड़ जमीन आवंटित हुई है।

---

# झामुमो के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, संभव है कि नवंबर में चुनाव हो जाये और उसके लिए चुनावी प्रक्रिया पहले से शुरू हो जायेगी, इसलिए मुझे नहीं लगता है कि इन हालात में झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन होगा। चंपाई सोरेन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं और सभी उन्हें सहयोग भी कर रहे हैं। कल्पना सोरेन चुनाव जीत कर आयी हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि नेतृत्व परिवर्तन होगा। उक्त बातें झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कही। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस बार का चुनाव किसी खास व्यक्ति के नेतृत्व में नहीं लड़ा जायेगा, बल्कि हम झामुमो के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, इसकी वजह यह है कि प्रदेश में हमारा गठबंधन है और झामुमो एक बड़ी पार्टी है। सब साथ मिल कर चुनाव लड़ेंगे और निश्चित तौर पर हमें सफलता मिलेगी।



**कांग्रेस कोटे का मंत्रिपद भरने पर अभी नहीं हुई बात :** आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कोटे का जो मंत्रिपद खाली हुआ है, उसे भरने को लेकर रामेश्वर उरांव ने कहा कि यह जरूर होना चाहिए, जो पद खाली हैं, उन्हें भरा जाना चाहिए। लेकिन अगर हम यह कहें कि किसी खास व्यक्ति के नाम पर चर्चा हुई है या सहमति बनी है तो अभी तक किसी नाम पर चर्चा पार्टी में नहीं हुई है। केंद्र सरकार के भविष्य पर बात करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल और तीसरे कार्यकाल में फर्क तो है ही और यह सबको पता है कि बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं है। ऐसे में सरकार पर अंकुश तो होगा ही, जहां तक बात सरकार के भविष्य की है, तो इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार चलेगी, क्योंकि एनडीए को बहुमत है और घटक दल मिल कर सरकार चला लेंगे।

---

## कांग्रेस चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक

# रिजल्ट की समीक्षा का खाका तैयार करने में जुटी कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के लिए गठित चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में प्रदीप कुमार बलमुचू सहित सभी सदस्यों ने आपस में विचार कर जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पूरा खाका तैयार किया।



बलमुचू ने कहा कि कांग्रेस ने सात सीटों पर गठबंधन के तहत उम्मीदवार उतारे थे। इसमें हमें सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली। पांच सीटों पर हार के कारणों की पड़ताल जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड महागठबंधन की सरकार के द्वारा जनहित में किये गये कार्य और केंद्र सरकार की विफलता, केंद्र सरकार द्वारा किसानों, महिला, युवा और अन्य वर्गों के खिलाफ निर्णय लेने के बावजूद हार मिलना आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को और बेहतर करने की और प्रेरित करता है। अभी भी समय है कि संगठन की जमीनी हकीकत से रू-ब-रू हों, ताकि विधानसभा चुनाव तक संगठन को मजबूत कर हम 2019 से भी ज्यादा अच्छा परिणाम हासिल कर सके।

कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि प्रथम चरण में समिति गोड्डा, धनबाद, हजारीबाग, चतरा, रांची लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेगी। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक जिला मुख्यालयों में समिति के सदस्य पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेसजनों से जानकारी लेंगे कि चुनाव में किस प्रकार की चूक हुई। उन्होंने कहा कि समिति 20 जून को गोड्डा, 21 जून को धनबाद, 22 जून को हजारीबाग, 23 जून को चतरा और 24 जून को रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव परिणाम की समीक्षा करेगी। बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार और सुल्तान अहमद उपस्थित थे।

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सफलता के 9 वर्ष

9 YEARS

रांची 17 जून, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 237, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00




## 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना जल्द होगी शुरू : चंपाई सोरेन

- मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया
- लाभुकों के बीच 54.42 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला-खरसावां।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द घरेलू उपभोक्ताओं को निःशुल्क 200 यूनिट बिजली प्रदान करने जा रही है।

अबुआ आवास योजना के माध्यम से हर गरीब का अपना आशियाना होगा। आवास योजना के तहत लोगों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। आवास आवंटन में गड़बड़ी पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अब राज्य के किसान भाइयों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान भाई वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### नशा-पान से दूर रहें युवा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाया जायेगा। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है। चंपाई ने कहा कि हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होंगी।

### पैसे की कमी से नहीं बाधित होगी पढ़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है। शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

### 182 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभुकों के बीच करीब 54 करोड़ 42 लाख 46 हजार 498 रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया एवं 182 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मंत्री दीपक बिरुआ, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल हरि प्रसाद केसरी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी में कई ब्यूरोक्रेट्स : बाबूलाल मरांडी

### झारखंड के आइएएस-आइपीएस लॉबी में 'स्पॉयल्स सिस्टम' की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड की ब्यूरोक्रेसी में इन दिनों 'स्पॉयल्स सिस्टम' (राजनीति और सरकार में संरक्षण प्रणाली) की काफी चर्चा हो रही है। इस पर उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रविवार को एक ट्विट किया। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी में स्पॉयल्स सिस्टम एक प्रचलित शब्द है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसमें अधिकारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग और दायित्व का आधार मेरिट न होकर चापलूसी, घूसखोरी, लॉबिंग और सिंडिकेट होता जा रहा है। हाल ही में आपकी (चंपाई सोरेन) समीक्षा बैठक के दौरान, हमारे राज्य के कुछ युवा आइएएस-आइपीएस अधिकारियों में इस शब्द की खूब चर्चा रही। बाबूलाल ने आगे लिखा कि युवा अधिकारी जो भविष्य में झारखंड की कमान संभालेंगे। गहरी निराशा और हताशा महसूस कर रहे हैं। जो भ्रष्ट अधिकारी हर दूसरे दिन इडी दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं समीक्षा बैठक में बैठ कर झारखंड की पॉलिसी पर प्रवचन दे रहे हैं। जिन अधिकारियों पर सीधे भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, वे आपके अगल-बगल बैठ कर यह संदेश दे रहे हैं कि भ्रष्टाचार करके ही मुख्यमंत्री का चहेता बना जा सकता है।

### इडी के चक्कर काटने से ज्यादा शर्म की बात और क्या होगी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या होगी कि जिन अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए, वे बैठ कर हमारे राज्य की समीक्षा कर रहे हैं। आपकी जानकारी के लिए राज्य के कुछ युवा अधिकारी आपके सिस्टम से इतने त्रस्त हैं कि वे केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि युवा आइपीएस को दरकिनार कर दिया गया है और तमाम जिलों में प्रमोटी अफसरों को कमान सौंप दी गयी है।

## एनटीए में सुधार की जरूरत: धर्मेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 परीक्षा विवाद को लेकर देशभर में छोत्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने माना है कि एनटीए की तरफ से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। एनटीए में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि जो लोग इस धांधली में शामिल होंगे उन्हें बख्शा नहीं जायेगा, चाहे वो कोई बड़ा अधिकारी भी क्यों न हो। गुनाहगारों को कठोर से कठोर दंड मिलेगा। शिक्षा मंत्री ने ओड़िशा के संबलपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि नीट परीक्षा में दो प्रकार की समस्याओं की जानकारी सामने आयी है। शुरुआत में 1563 अभ्यार्थियों को टेस्ट सेंटर पर कम समय मिलने की वजह से ग्रेस मार्क्स दिये गये थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब इन अभ्यार्थियों के लिए 23 जून को दोबारा परीक्षा ली जायेगी।







## कर्ज नहीं चुकाने पर हथियार के बल पर महिला से दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले से समाज को शर्मसार करने वाला मामला एक बार फिर सामने आया है। यहां हथियार के बल पर दुष्कर्म जैसे घिनौने अपराध को अंजाम दिया गया है। दरअसल, कान्हाचट्टी प्रखंड के एक गांव की हरिजन महिला ने गांव के ही बलजीत यादव से 25 हजार रुपये कर्ज लिया था। इसे चुकाने के लिए बलजीत यादव बार-बार उसे परेशान कर रहा था। बीते 13 मई से आरोपी उसके पीछे पड़ा था। इसके बाद 18 मई की शाम को बलजीत उसके घर जबरन घुस गया और हथियार के बल पर दुष्कर्म को अंजाम दिया। साथ ही इस मामले का जिक्र किसी से ना करने की धमकी भी दी। कहा कि अगर किसी को बताया तो पति और बच्चों को जान से मार दिया जायेगा।

### शिकायत के बाद भी खामोश रही पुलिस

### 25 दिन बीत गये, पुलिस ने नहीं करायी मेडिकल जांच

18 मई को घटना के बाद 22 मई को महिला थाना में पीड़िता ने आवेदन देकर शिकायत की, लेकिन महिला थाना में मामला दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद 13 जून को फिर से मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंची तो उसे भगा दिया गया। पहले ऐसी बात सामने आ रही थी कि पुलिस शिकायत भी दर्ज नहीं कर रही था। अब प्रशासन की ओर से कहा गया है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता महिला की मेडिकल जांच नहीं करायी गयी है।

### हथियार के बल पर किया रेप

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी बार-बार उससे फोन नंबर मांगता था। पीड़िता ने आरोपी से कहा भी था कि अगर आपको नंबर चाहिए तो मेरे पति का नंबर ले लीजिये, लेकिन आरोपी बार-बार उससे नंबर मांगता रहा। पीड़िता ने बलजीत यादव से 25 हजार रुपये कर्ज लिये थे, जिसे वह धीरे-धीरे वापस कर रही थी। पति को मारने की धमकी देकर आरोपी ने उसका नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी लगातार फोन कर पीड़िता को यहां-वहां बुलाने लगा। पीड़िता ने कई बार उसके फोन काट दिया तो बलजीत घर पर पहुंच गया। इसके बाद वह कर्ज का पैसा मांगते हुए घर में घुस गया और जोर-जबरदस्ती करने लगा। महिला ने विरोध किया, तो उसने हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।






आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 17 जून, 2024
www.azadsipahi.in


## विधायक नीरा यादव ने परिजनों से मिल श्रद्धा सुमन किया अर्पित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** विधायक डॉ नीरा यादव ने देश के लिए कुर्बान होने वाले झुमरीतिलैया के शहीद शशिन्द्र कुमार शर्मा की पुण्यतिथि पर उनके घर पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही मोहन स्टोर वाले अमरजीत सिंह छाबड़ा के आकस्मिक निधन की सूचना पर उनके घर पर और चांडक परिसर में दुलदुल सिन्हा के आकस्मिक निधन पर उनके घर पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की व श्रद्धा सुमन व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा नगर कमेटी के सांसद प्रतिनिधि सह महामंत्री संजय शर्मा, नवीन चौधरी, नवीन जैन मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी भागीरथ पांडेय के निधन पर जताया शोक

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलोकरी निवासी भागीरथ पांडेय (52, पिता स्वर्गीय सुरेश्वर पांडेय) के निधन से शोक का माहौल है। बताते चलें कि भागीरथ पांडेय झारखंड आंदोलनकारी थे। झारखंड सरकार के द्वारा इन्हें पेंशन भी दिया जा रहा था। झारखंड अलग राज्य बनाने को लेकर जेल गये थे। लंबी बीमारी के कारण शनिवार को उनका निधन हो गया। तिलोकरी स्थित बराकर नदी मुक्तिधाम में इनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके कनिष्ठ सुपुत्र राहुल पांडेय ने मुखाग्नि दिया। उनके निधन पर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बिनोद कुमार बर्णवाल, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, महावीर शर्मा, विजय नंदन यादव, त्रिवेणी पांडेय, जनार्दन पांडेय, मनोज पांडेय, बाजो दास, संदीप पांडेय सहित अन्य लोगों ने शोक जताया है।

## 'एक सहयोग आपका फाउंडेशन' की हुई बैठक



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** एक सहयोग आपका फाउंडेशन की बैठक चंदवारा में हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के सचिव प्रदीप मोदी और संचालन राकेश पंडित ने किया। संस्था के फाउंडर सीताराम बरनवाल ने कहा की संस्था अगले महीने से पंचायत के प्रत्येक आंगनवाड़ी में प्रत्येक महीना के 20 तारीख को आंगनवाड़ी में पढ़ रहे गरीब मेधावी 20 बच्चों को निः शुल्क कॉपी कलम पेंसिल का वितरण करेगी। संस्था का लक्ष्य इस बरसात में 10 हजार वृक्षारोपण करना है। संस्था के सचिव प्रदीप मोदी ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य है कि शिक्षा से कोई वंचित न रहे। मौके पर संस्था के सदस्य राजेश यादव, दीपक शर्मा, दीपक बरनवाल, संतोष कुमार, संतोष कुमार चंद्रवंशी, रंजीत बरनवाल, राकेश पंडित मौजूद रहे।

## नंदकिशोर मेहता बने जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के प्रदेश पदाधिकारी के द्वारा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गयी है। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के गंगा दोहर निवासी नंदकिशोर मेहता को हजारीबाग जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर नंदकिशोर मेहता ने मुख्य संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, मंत्री कृष्ण मुरारी सह संयोजक कौशल किशोर और प्रदेश अध्यक्ष सुचित्रा सिंह को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है। कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है उसे मैं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत में बढ़ते हुए जनसंख्या को कैसे नियंत्रित किया जाये, इसके लिए जागरुकता फैलाना है। वहीं कई लोगों ने नंदकिशोर मेहता के जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया। जिनमें मुख्य रूप से कृष्ण मुरारी, दीपक मेहता, सुमन सिंह, बीना मिश्रा, मनोज सिंह, रानी ठाकुर, आनंद सिंह, कौशल किशोर, सुरेंद्र सिंह, आचना महतो, पिंकी विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल हैं।

## बालू ले जा रहा ट्रैक्टर ने बिजली पोल को मारा धक्का, बिजली बाधित

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग मार्ग स्थित टी पी5 के पास रविवार अहले सुबह 5:00 बजे अवैध बालू ले जा रहा ट्रैक्टर ने 3000 बिजली करंट संचालित बिजली पोल को धक्का मार दिया। जिसके कारण 4 घंटे के लिए बिजली बाधित हो गयी। इस दरमियान दो पोल क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक ने सुनसान स्थल देख मौके का फायदा उठाते हुए बालू को अनलोड कर फरार हो गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रभास कुमार ने बताया कि बिजली कर्मियों के द्वारा फिलहाल टेंपरेरी रूप से बिजली चालू कर दिया गया है। हालांकि इसे पूर्ण रूप से मरम्मत करने में कई घंटे लग सकते हैं। बताते चले की आये दिन हमेशा बेकाबू वाहनों के द्वारा बिजली पोल को धक्का मार कर क्षतिग्रस्त करने का काम किया जा रहा है। विभाग को वाहन चालकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**दारू (आजाद सिपाही)।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शफीक खान ने किया। बैठक में पुलिस प्रशासन के साथ स्थानीय समुदाय के लोग और विभिन्न धार्मिक समुदाय के लोगों मौजुद रहे। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार सामूहिक भाईचारे और शांति का प्रतीक है। उन्होंने त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए समुदाय के सदस्यों से सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी तरह का अफवाह ना फैलाएं और कोई ऐसा कार्य ना करें जिससे दूसरे धर्म के लोगों की धार्मिक अनुष्ठान पर ठेस पहुंचे। मौके पर एस आई मिटू मुर्मू, एएसआइ गणेश हासदा, अशोक प्रसाद, मोहम्मद जैनुल, राजेश प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, खागो महतो, परमेश्वर महतो, अयूब खान इत्यादि लोग मौजूद थे।

# महिला यात्रियों के सहयोग से ट्रेन में हुआ बच्चे का जन्म, जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ

**जम्मू तवी कोलकाता एक्सप्रेस में कर रही थी सफर**

गौतम पाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जम्मू तवी कोलकाता एक्सप्रेस में सफर के दौरान रविवार की सुबह महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। महिला अपने पति के साथ ट्रेन के सामान्य कोच में सफर कर रही थी। ट्रेन के गया से खुलने के बाद अचानक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। इसके बाद ट्रेन में सफर कर रही अन्य महिला यत्रियों के सहयोग से प्रसव पीड़ित महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। महिला की पहचान सबीना खातून (20), पति आरिफ खान, थाना भूतर, जिला बरेली के रूप में हुई। धनबाद रेल कंट्रोल से सूचना के उपरांत कोडरमा आरपीएफ ने जच्चा बच्चा को कोडरमा स्टेशन पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए परिजनों के संग कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। इस दौरान ट्रेन को कुछ देर के लिए कोडरमा स्टेशन पर रोक कर रखा गया था। इस संबंध में आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि प्रसव पीड़ित महिला अपने पति के साथ पितांबरपुर से कोडरमा के लिए बरेली से ट्रेन पर सवार हुए थे। महिला के पति आरिफ खान के अनुसार उसकी पत्नी 6 माह की गर्भवती थी। जिसे लेकर वे गिरिडीह के खोरी महुआ ससुराल जा रहे थे। अचानक ट्रेन में प्रसव पीड़ा हुई और उनकी पत्नी ने समय से पहले एक बच्चों को जन्म दिया।

## डोमचांच में गंगा दशहरा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**डोमचांच।** प्रखंड में 9 स्थानों पर गंगा दशहरा, गायत्री जयंती और गुरूदेव (राम शर्मा आचार्य) के महाप्रयाण दिवस पर 10 घंटे का अखंड जप तत्पश्चात दीप महायज्ञ और हवन यज्ञ पूजन हुआ। बताया गया कि आज ही के दिन राजा भगीरथ के कठिन तप के बाद धरती पर पतित पावनी मां गंगा को धरती पर अवतरित किये। वहीं आज के ही दिन मां गायत्री विश्व मानव के जीवन को उद्धार के लिए अवतरित हुई। गायत्री के सिद्ध साधक आज ही दिन 34 वर्ष पूर्व पूर्व सुनियोजित 80 वर्ष की यात्रा समाप्त कर अपनी स्थूल काया को अपने ही द्वारा निर्मित सजलश्रद्धा प्रखरप्रज्ञा नामक स्मारकों के समक्ष पार्थिव शरीर को अग्नि को समर्पित कर सूर्य में एकाकार हो गये। हम सभी बच्चों के लिए गुरुदेव ने कहा बेटा कोई तुमसे अगर ये कहे, तुम्हारे गुरुजी से बड़ा कोई ज्ञानी है, तो मान लेना यदि कोई कहे, तुम्हारे गुरु से बड़ा तपस्वी और सिद्ध-समर्थ है तो भी मान लेना, पर यदि कोई ये कहे, तुम्हारे गुरु से ज्यादा प्यार करने वाला कोई है, तो बेटा कभी नहीं मानना, मेरा प्यार हमेशा तुम बच्चों के लिए रहेगा। वहीं निर्मला एकादशी व्रत डोमचांच गायत्री मंदिर में संपन्न किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन में रेखा यादव, राजकुमार मेहता, शिव कुमार वर्णवाल, सीताराम मेहता, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, रामस्वरूप विश्वकर्मा, कार्तिक पंडित, महेश वर्णवाल, सूरज गुप्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** बकरीद को लेकर थाना परिसर में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज की अध्यक्षता और थाना प्रभारी सुजीत कुमार के संचालन में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख संतोष मंडल उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज ने कहा की पूर्व की तरह शांति पूर्वक से पर्व को मनायें। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा की सरकार के निर्देश का पालन करते हुए पर्व मनाना है अफवाह पर ध्यान नहीं दे। आपत्ति जनक पोस्ट नहीं करेंगे। थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की कुर्बानी को खुले में नहीं करना है परदा में रहकर कुर्बानी देना है। अनावश्यक सड़क पर भीड़ नही लगाना है। सरकार के हर नियम का पालन भी करना है। बैठक में एएसआइ रामप्रवेश राय, महेश अग्रवाल, होपन सिंह, योधी यादव, परमेश्वर यादव, नरेश साव, जैनुल अंसारी, सौकत मियां, कल्लू मियां, मो क्यूं, मो शफीक, मो सरयू उद्दीन, शफीक आलम, मो इस्लाम, रब्बानी अंसारी अन्य उपस्थित थे।

## एकल अभियान ने की गंगा दशहरा की पूजा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान के द्वारा गंगा बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कांडतरी बड़की नदी में गंगा दशहरा पूजा कार्यक्रम किया गया। उपस्थित लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए माता गंगा से क्षेत्र की सुख व समृद्धि की कामना की। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से संच प्रमुख सुषमा राणा, संगीता कुमारी, धानो कुमारी, कविता कुमारी, मालती कुमारी, सुषमा कुमारी, गीता कुमारी, विनीता कुमारी, धरती कुमारी, लीला कुमारी, रीता कुमारी, पूनम कुमारी, मोहित कुमार, सिकंदर राणा आदि उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग परेशान, हुई बैठक
# बिजली की लचर व्यवस्था में सुधार करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** भीषण गर्मी में भी बिजली की कटौती के खिलाफ केरेडारी प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। केरेडारी मुख्य चौक स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में रविवार को एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी जिसमें सभी राजनितिक दल से जुड़े नेता व कई जनप्रतिनिधि शामिल हुये। बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में केरेडारी प्रखंड में बिजली की लचर व्यवस्था में सुधार करने, एनटीपीसी के द्वारा पगार सड़क के समीप बनाये गये पॉवर सब स्टेशन से निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की गयी है। साथ ही इन मांगों को लेकर लिखित रूप से डीसी, सांसद, विधायक और एनटीपीसी के जीएम को आवेदन सौंपने को लेकर सहमति बनी है। साथ ही लोगों ने एक स्वर में कहा है की अगर जल्द से जल्द बिजली की समस्या को दूर नहीं किया जाता है तो सभी ग्रामीण आर्थिक नाकेबंदी करेंगे। मौके पर भाजपा नेता बालेश्वर कुमार, उपप्रमुख अमेरिका महतो, प्रखंड बिस सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, मीनू महतो, मनोज सिंह, सीताराम प्रसाद कुशवाहा, सरजू महतो, सुनील कुमार पांडेय, दुगार्नारायन सिंह, रामेश्वर महतो, बिरेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, कामेश्वर पांडेय, राजेन्द्र प्रसाद साव, जागेश्वर साव, अमित कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सेवा सहयोग समिति ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
# 425 से भी अधिक ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

**स्वास्थ्य शिविर से विशेष रूप से महिलाओं को मिल रहा है राहत : हर्ष अजमेरा**

**आप सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं, आप स्वस्थ रहें इसी दृष्टिकोण से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है : हर्ष अजमेरा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सेवा सहयोग समिति के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के इंटरनेशनल स्कूल के पास, आद्रा रोड सुल्ताना पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, पूर्व के दिनों में कटकमदाग के अन्य दो पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा चुका है कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में अगले 30 तारीख तक निरंतर रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा इसके पश्चात अन्य चरणों में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया जायेगा। ताकि संपूर्ण सदर विधानसभा क्षेत्र की आम जनता बेहतर स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो सकें। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत के गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से पंचायत के करीब 425 से भी अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सा जनरल फिजिशियन के रूप में मौजूद रहे, वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान आने वाले मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करायी गयी। वही साथ में ब्लड बीपी, शुगर, पल्स और वजन जांच निःशुल्क किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर करीब 4:00 बजे तक निरंतर रूप से चलता रहा शिविर में आने वाले मरीजों और उनके साथ परिजनों के लिए गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गयी साथ ही गर्मी से बचाव के लिए बेहतर टेंट लगाया गया था, स्वास्थ्य शिविर हजारीबाग के सुप्रसिद्ध अस्पतालों में से एक आरोग्यम अस्पताल की विशेष सहयोग से लगाया गया। मौके पर युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हमारे द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन निरंतर रूप से चलते रहेगा, यह आयोजन चार चरणों में किया जायेगा, जिसके पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जा रहा है इसी के नियमित सुल्तान में रविवार को आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से महिलाओं को राहत मिल रहा है, आप सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं, आप स्वस्थ रहें इसी दृष्टिकोण से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि हम सबों के स्वास्थ्य का ध्यान बेहतर तरीके से रखने के लिए हर्ष अजमेरा के द्वारा हमारे ही पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ये बहुत ही अच्छा है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना प्रांगण में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बकरीद पर्व को शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा हुई। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा की त्योहार को आपसी भाईचारगी से मनाना है। कोई ऐसा कार्य न करे जिससे विधि व्यवस्था में दिक्कत आये। आगे कहा की सोशल मीडिया पर प्रशासन की 24 घंटा नजर है, इसलिए कोई विवादास्पद मैसेज न डाले और न शेयर करें। कहा की किसी प्रकार की सूचना हो तो मुझे जानकारी दें। सीओ रामजी गुप्ता ने कहा की त्योहार को मिल जुल कर हंसी खुशी मनाएं। हर किसी का दायित्व है की प्रशासन के दिशा निर्देश का पालन करे। प्रशासन आपके सहयोग के लिए खड़ा है। सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, जीप सदस्य रेनू देवी, मुखिया अशोक कपरदार, ओमप्रकाश मेहता, अशोक मेहता, शत्रुघ्न राम, महेंद्र दास, संत कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शव के साथ ग्रामीणों ने सड़क जाम की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रविवार को कोडरमा थाना अंतर्गत लखीबागी में ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में मारे गये युवक के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। पटना रांची रोड को जाम किये जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी वहीं यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि शनिवार देर शाम 7 बजे लोचनपुर पुल के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। युवक उपेंद्र कुमार रजक (उम्र 25 वर्ष, पिता राधे रजक) लोचनपुर लखीबागी का निवासी था। घटना के बाद रविवार को कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इधर परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दिया। जाम में सैंकड़ों वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। बाद में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और थाना प्रभारी सुजीत कुमार के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका सीता सुंदरी का निधन, शोक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेवानिवृत्त शिक्षिका सीता सुंदरी कुमारी का सदर अस्पताल कोडरमा में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर जिला पेंशनर समाज ने गहरा शोक जताया है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कोडरमा कारा में जाकर कैदियों को पढ़ाने का काम किया था और पेंशनर समाज कोडरमा के उपाध्यक्ष के पद को भी सुशोभित किया। वह एक सामाजिक महिला थीं। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। निधन पर शोक जताने वालों में पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, सचिव नारायण सिंह, रामनरेश चौधरी, सुभाष शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद मोदी, सावित्री देवी, चंद्रिका प्रसाद, सहदेव प्रसाद, राजेंद्र सिंह, महेश्वर सिंह, भोला चौधरी, सीता प्रसाद, दिनेश प्रसाद सिंह, गौरी सहाना, उमेश प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, बलदेव मोदी, दुर्गावती सहाय, देवराज सिंह, राजकुमार सिंह शामिल हैं।

## रेलवे ट्रैक के पास बैठने वालों पर होगी कार्रवाई


**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ की टीम ने गया-कोडरमा रेलखंड के अंतर्गत आनेवाले रेलवे स्टेशनों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान आरपीएफ कर्मी गया-कोडरमा रेलखंड स्थित यदुग्राम, गुरपा, डिलवा, गझंड़ी स्टेशन के पास घूम-घूम कर लोगों से मिले। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक के आसपास बैठने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि मंगलवार की दोपहर गया-कोडरमा रेलखंड स्थित बकसटवा-यदुग्राम रेलवे स्टेशन के अप लाइन के पास केन बम मिलने के बाद पुलिस काफी सतर्कता बरत रही है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि गया-कोडरमा रेलखंड स्थित बकसटवा-यदुग्राम रेलवे स्टेशन के अप लाइन के पास केन बम मिलने के बाद पुलिस काफी गंभीर है। आरपीएफ के मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर गया के 15 व कोडरमा के 15 जवान मिलाकर 30 जवानों को गया-कोडरमा रेलखंड पर सर्च अभियान चलाने के लिए रवाना किया गया है। स्पेशल चुनिंदा जवान रेलवे ट्रैक, सिग्नल सिस्टम, फुट ओवरब्रिज, वंदे भारत सहित अन्य ट्रेनों के अंदर घूम-घूम कर निरीक्षण करेंगे और रेलयात्रियों से फीडबैक लेकर प्रतिदिन सूचना बना कर कार्यालय में सौंपेंगे।

## जयनगर में भ्रष्टाचार मिटाओ अभियान की बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डंडाडीह चबूतरा पर किसान सभा की बैठक किया। जल जंगल जमीन, खेती बचाव, भ्रष्टाचार मिटाओ अभियान बैठक की अध्यक्षता महेंद्र ठाकुर और संचालन रामचंद्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एटक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने बताए कि हक की लड़ाई जल जंगल जमीन खेती बचाओ भ्रष्टाचार मिटाओ अभियान हम लोग का लड़ाई शुरू हो चुका है। किसानों को कोई सुविधा नहीं मिल रहा है इसलिए कमेटी बनाया गया। जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है किसानों को खाद बीज सस्ते दामों में मिले, किसान के खेतों में बिजली पानी मिले, किसानों को खेती करने के लिए ट्रेनिंग दिया जाये। हर सुख सुविधा दिया जाये किसानों को 3000 पेंशन दिया जाये, किसानों का घर बनाने में बालू फ्री किया जाये, बालू मजदूरों को प्रताड़ित न किया जाये और बालू ट्रैक्टर का चालान बालू घाट पर ही काटा जाये। वहीं समाजसेवी सरवर खान ने कहा कि सभी विभागों में लूट ही लूट है। जनता को जागरूक नहीं रहने के कारण जनता का अधिकार लूट रहे हैं अफसर, जैसे आयुष्मान योजना से करोड़ों की लूट हुआ है। प्रकाश यादव ने कहा की खेती हम लोग करते हैं लेकिन खाली हाथ घर लौटते हैं क्योंकि जंगली जानवर इतना है की खेती नष्ट कर देता है। अबुआ आवास योजना को घर बनाने के लिए बालू फ्री किया जाये। अन्यथा अबुआ आवास योजना अधर में लटक जायेगा। मौके पर उप मुखिया लखपत यादव, संजय यादव, मंजूर अंसारी, आरती देवी, करुण राणा, तुलसी देवी, अर्जुन कांदु सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कस्तूरबा वार्डन और बीइओ को बर्खास्त करने की मांग



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बरकट्ठा में पदस्थापित वार्डन सिंपल कुमारी और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बर्खास्त करने को लेकर उपायुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में लगातार घट रही घटनाओं को देखते हुए उपायुक्त को अपने ज्ञापन के माध्यम से जानकारी दी है की 11 सितंबर 2023 को सभी अखबारों में प्रकाशित हुआ था जिसमें छात्राओं द्वारा विद्यालय छोड़ने की चेतवानी दी गयी थी। 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर छात्राओं को मांसाहारी भोजन खिलायी गयी। 2023-24 में नामांकन हेतु। लगभग 400 छात्राओं द्वारा आवेदन किया गया था। परंतु 2024-25 में लगभग 100 आवेदन भी नहीं किया गया। साथ ही बीते दिनों 28 मार्च को बरकट्ठा थाना में नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था जिसमें निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान दिनांक 13 जून को पीड़ित छात्रा की मृत्यु हो गयी। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए स्कूल वार्डन और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

# डंडई के कई आदिम जनजाति पेंशन के लाभ से वंचित

**पंचायत सचिवालय में बैठक कर लिये गये कई निर्णय**

**जितेंद्र यादव**



**डंडई (आजाद सिपाही)।** आज भी आदिम जनजाति समाज के लोग सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पेंशन योजना का हक पाने को लेकर काफी पीछे रह गये हैं। मामले में उनकी लापरवाही कहीं जाये या प्रखंड पदाधिकारियों की । लेकिन उनके घरों तक पहुंच कर पेंशन की स्वीकृत करने का सरकार की ओर से पदाधिकारियों को सख्त निर्देश मिला हुआ है बावजूद आज तक उन्हें पेंशन की स्वीकृति नहीं मिलना बिल्कुल रूप से समझ से परे हो गया है। मामला प्रखंड क्षेत्र के तसरार पंचायत स्थित चकरी गांव के कोरवा जाति से जुड़ा है। उक्त समाज के कई ऐसे लोग हैं जिन्हें अभी तक पेंशन स्वीकृत नहीं हो पायी है। जबकि वे सभी पूरी तरह पेंशन की राशि पाने के हकदार हैं। ग्रामीण नरेश कोरबा उम्र 65 वर्ष, रघुनाथ कोरबा उम्र 70 वर्ष, राम प्रवेश कोरबा उम्र 65 वर्ष, लालचंद कोरबा उम्र 70 वर्ष, बनारसी कोरबा उम्र 68 वर्ष इत्यादि लोगों ने बताया कि हम सभी पेंशन स्वीकृति के लिए फॉर्म भरते भरते थक हार गये लेकिन अभी तक हम लोगों का न तो पेंशन स्वीकृत हो पायी और ना ही उसकी राशि ही नसीब हो सकी। उन्होंने कहा कि दूसरे समाज के लोगों को इससे कम उम्र में ही पेंशन की राशि मिलना शुरू हो गया है। जबकि हम लोगों के आवेदन का कोई आता पता चल पाया। उन्होंने कहा कि हमसभी के लिए ना तो पदाधिकारी हैं और न ही जनप्रतिनिधि। अगर हम लोग उनके नजर में होते तो उन्ही लोगो के जैसा अब तक हमलोगों को भी पेंशन की राशि मिलना शुरू हो गया होता।

## महिलाओं ने कहा बिचौलियों को दिया 1000 इसके भी लाभ नहीं

इस बीच उक्त समाज के कई महिला लोगों ने भी बताया कि हम लोगों को एक दो बार पेंशन की राशि मिला उसके बाद जो बंद हुआ सो आज तक बंद ही रह गया। पुनःराशि पाने के लिए स्थानीय बिचौलियों को दो बार में ?1000 भी दिया उसके बाद भी हमलोगों का पेंशन की राशि खाता में नहीं आ पाया।

# पंचायत के प्रमुख मार्गों को कराया जायेगा अतिक्रमण मुक्त : मुखिया



**बलराम शर्मा**

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर स्थित मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में रविवार को मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पंचायत के सभी प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया गया। मुखिया रामसागर ने कहा कि बैठक में पूवार्रा टोला के प्रमुख मार्गों को स्थानीय लोगों द्वारा किये गये अतिक्रमण को मुक्त कराने, अवरूद्ध किया गया है रास्ते की साफ सफाई करने, श्मशान घाट को दुरुस्त करने, छठ घाट और अन्य धार्मिक स्थलों से अतिक्रमण हटाकर साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सीओ के पास लिखित आवेदन देने का निर्णय लिया गया। साथ ही गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरसात के दिनों में अधिक से अधिक पौधा रोपण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंडल सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, विजय प्रसाद, अरविंद महतो, शिक्षक विनोद कुमार कुशवाहा, सुरकेश कुमार बैठा, सुनील कुमार, विनय कुमार, बिनेश कुमार मेहता, रामकुमार महतो, राम जी कुशवाहा, सोवरन मेहता, राजकुमार महतो, मुरली महतो, अलियार महतो, रामप्रवेश मेहता, डॉ लालमोहन शामिल थे।

**Dr. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Morabadi, Ranchi - 834008 (Jharkhand)**

**WALK-IN-INTERVIEW**

Walk-in-Interview is scheduled for the post of **Programmer** at **DSPMU, Ranchi** purely on contractual basis for 11 months which may be extended depending upon the University requirement and performance assessment. Eligible, energetic and hard-working candidates who meet the desired qualification as mentioned below may walk-in with their latest CV as per the schedule given below.

**Eligibility Criterion:** BCA/MCA/M.Sc.-IT obtained from any recognized University or AICTE approved institutions with First Class.


**Interview Schedule: Wednesday, 26th June, 2024** from 10:30 AM onwards in Administrative Block, DSPMU, Ranchi.

**Memo No. :** DSPMU/G/482/24
**Date :** 15.06.2024

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi.










# हजारीबाग और कोडरमा की खबरें

## कर्णपुरा महाविद्यालय की टीम ने नये सांसद का किया स्वागत, दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नये सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत करने का कार्यक्रम विगत कई दिनों से जारी है। बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो के नेतृत्व में कर्णपुरा महाविद्यालय की टीम ने नये सांसद मनीष जायसवाल को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और सांसद बनने पर जीत की बधाई दिया। वही कर्णपुरा महाविद्यालय टीम ने बड़कागांव के तीन बार विधायक रहे पूर्व विधायक लोकनाथ महतो को भी स्वागत किया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से कर्णपुरा महाविद्यालय सचिव टुकेशवर प्रसाद, पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर, प्रोफेसर शुरेश महतो, सहित कई विशिष्ट लोग उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र जगनीडीह के समीप रविवार की सुबह सतगावां पुलिस ने अवैध बालू एक लदा ट्रैक्टर जब्त किया और थाना लाया। थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की सुबह जगनीडी स्थित तामोलिया नदी से सुबह लगभग 7 बजे पुलिस ने बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाने ले आयी है। बताया कि जब्त की गयी ट्रैक्टर को अग्रतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सुपुर्द किया गया है।

## देवर और रिश्तेदारों ने महिला के साथ मारपीट कर किया घायल



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नासरगंज में रविवार को सहोदर भाई में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान नासरगंज निवासी बिपिन भारती की पत्नी सहिया विद्या देवी के रूप में की गयी है। घटना के बाद मारपीट में घायल महिला को परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। पीड़ित महिला विद्या देवी ने बताया कि नासरगंज में मेरे ससुर का निधन हो गया और शव का दाह संस्कार की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान हमारा देवर व देवर के साला व अन्य रिश्तेदारों ने मिलकर मेरे साथ लाठी डंडे से माथे पर वार कर घायल कर दिया। मामले को लेकर पीड़ित महिला के द्वारा थाने में आवेदन देने की बात कही गयी है।

## एकल अभियान ने मनाया गंगा दशहरा पूजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड रविवार को संचालित खुट्टा में एकल विद्यालयों के आचार्यो ने मैसरवा धाम सकरी नदी स्थित गंगा दशहरा पूजन में संकल्प लिया। सभी अपने गांव स्तर पर भी इस कार्यक्रम को करेंगे और आगामी कार्य में वार्षिक परीक्षा, खेल-कूद रजिस्ट्रेशन एवं विश्व योग दिवस पर चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सतगावां संच अध्यक्ष बबलू सिंह, खुट्टा संच युवा अध्यक्ष रोशन यादव, संच प्रमुख विवेकानंद पाण्डेय, खुट्टा संच प्रमुख पवन कुमार, आचार्य अमरदीप कुमार, भोला कुमार, संदीप कुमार, नेहा कुमारी, नैंसी कुमारी, पूजा कुमारी, रिया कुमारी, सनुप कुमारी समेत अन्य सभी आचार्य उपस्थित थे।

## बीइसी और जेइआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के गीतांजलि होटल में शनिवार शाम बीईसी और जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में रांची से इंजीनियर ऑडिटर के रूप में चंदन तिवारी मुख्य रूप से मौजूद हुए। उनके द्वारा ग्राहकों और विक्रेता गण को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बताया गया कि बीइइ द्वारा उपकरण के स्तर लेवलिंग की महत्व को विस्तार रूप से बताया गया और उपकरणों के स्तर लिविंग के फायदे भी ग्राहकों और विक्रेताओं को विस्तार रूप से बताया गया तकनीकी क्षमता के विषय में ग्राहकों को विस्तार रूप से बताया गया कि यदि हम 3 स्टार का सामान प्रयोग करते हैं तो बिजली का बिल अधिक आता है वही हम 5 स्टार का सामान उसे करते हैं तो बिल काम आता है। वही प्रशिक्षण के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को एनर्जी ऑडिटर चंदन तिवारी के द्वारा मोमेंटो और फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना काफी सराहनीय है इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक होना चाहिए ताकि हर ग्राहकों तक या बात पहुंच सके ऐसे कार्यक्रम आयोजित के लिए हम पूरी आयोजक मंडली का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने ग्राहकों के प्रति इतना सजकता से कार्यक्रम आयोजित किया वहीं ग्राहकों के साथ विक्रेताओं को भी आमंत्रित किया। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, सह सचिव तारिक अहमद रजा, खेतान ऑटोमोबाइल के संचालक बजरंग लाल अग्रवाल सहित कई प्रतिष्ठा के संचालक और ग्राहक मौजूद थे।

## कोडरमा जंक्शन समेत कई स्टेशनों पर लगेंगे एस्केलेटर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों और स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु कई कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने के लिए कोडरमा जंक्शन समेत अन्य प्रमुख स्टेशनों पर एस्केलेटर लगाये जायेंगे। इससे वरिष्ठ नागरिक, महिला और दिव्यांगजन विशेष रूप से लाभान्वित हो सकेंगे। पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर 35 एस्केलेटर लगाये जायेंगे। इनमें छह का काम चल भी रहा है। कोडरमा जंक्शन स्टेशन धनबाद मंडल में एक महत्वपूर्ण स्टेशन के रूप में शामिल है। यहां चार एस्केलेटर लगाए जायेंगे। इसके लिए जगह चिह्नित कर ली गयी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म पर ये एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं। इस वर्ष तक एस्केलेटर काम करने लगेंगे। धनबाद मंडल के पारसनाथ, गढ़वा रोड और डालटनगंज में दो-दो और कोडरमा में चार एस्केलेटर लगाये जायेंगे। वहीं दानापुर मंडल के पटना जंक्शन, पटना साहिब, दानापुर व आरा स्टेशनों पर दो-दो एस्केलेटर लगाए जायेंगे। वहीं, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के सासाराम और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर दो-दो, सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर और खगड़िया स्टेशनों पर दो-दो एस्केलेटर लगाये जायेंगे। समस्तीपुर मंडल के सहरसा स्टेशन पर दो व दरभंगा स्टेशन पर एक एस्केलेटर लगाए जायेंगे।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मां और बेटी की मौत, दामाद घायल

**व्यवहार न्यायालय के समीप एनएच-23 पर हुआ सड़क हादसा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर व्यवहार न्यायालय के समीप एक ट्रक ने एक बाइक पर सवार तीन लोगों को कुचल दिया। इस सड़क हादसे में बाइक पर सवार मां और बेटी की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक चला रहा दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है।



**रजरप्पा से हजारीबाग जा रहे थे तीनों लोग:** जानकारी के अनुसार रजरप्पा कडराडी से चुरचू, बेलगड्डा बाइक पर सवार होकर पति-पत्नी और सास जा रहे थे। इसी दौरान छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप एनएच-23 धर्मकांटा के पास ट्रक ने बाईक सवार तीनों को बुरी तरह से धक्का मार दिया। जिसमे सास मूर्ति टुडू की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि बेटी सूरजमुनि सोरेन और दामाद सोनाराम मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के के दौरान सूरज मुनि सोरेन ने भी दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल सोनाराम मुर्मू को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

**दुर्घटनाग्रस्त वालों को किया गया जब्त:** घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर पेट्रोलिंग पुलिस को भेजा गया था और खुद मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को कब्जे में लेकर हटाया गया। घटनास्थल पर ही एक महिला की मौत हो गयी थी। जबकि एक महिला की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हो गयी। दोनों मृत महिलाओं के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक और बाइक दोनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# पतरातू-जयनगर सड़क पर जल जमाव से लोगों को मिलेगी राहत

**जिला योजना पदाधिकारी रामगढ़ के निर्देश पर जिला अभियंता ने स्थल का किया निरीक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पतरातू।** पतरातू जयनगर सड़क पर भारी मात्रा में जल जमाव से लोगों को अब राहत मिलेगी। क्योंकि इस सड़क पर पानी निकासी के लिए अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन /गटरनाला बनाया जायेगा। जिला योजना पदाधिकारी रामगढ़ के समीर कुल्लू के निर्देश पर रविवार को जिला अभियंता जिला परिषद रामगढ़ बली उरांव ने पतरातू जयनगर सड़क किनारे अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन गटर नाल बनाये जाने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार भी थे। स्थल निरीक्षण के दौरान जिला अभियंता जिला परिषद रामगढ़ बली उरांव ने बताया कि डीपीआर तैयार हो चुका है जल्द कार्य शुरू हो जायेगी। मालूम कि इस सड़क से पतरातू, जयनगर, बालकुद्र, बांसल, लबगा, रसदा के ग्रामीण सहित हाई स्कूल और मिडिल के स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। इसी कारण पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार ने मेन रोड शहीद भगत सिंह चौक से दक्षिण दिशा की ओर प्रस्तावित रेलवे लाइन तक नाला का निर्माण के लिए उपयुक्त रामगढ़ को इस समस्या समाधान के लिए लिए पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया था।

## दिव्यांग के बीच बांटी गयी ट्राइ-साइकिल

**प्रतापपुर / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना विभाग में कई दिव्यांग के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रतापपुर बीडीओ सह सीडीपीओ अजय कुमार दास ने दिव्यांग के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस मौके पर चंद्री गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत अनंतपुर गांव निवासी आरती कुमारी, मंगरा मोहनपुर गांव निवासी, ललन भारती और दानापुर गांव निवासी केदार साव का नाम शामिल है। इस दौरान बीडीओ अजय कुमार ने बताया की सरकार के निर्देशानुसार दिव्यांग के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया है। जिसे दिव्यांगों को चलने फिरने में आसानी हो सके। इस मौके पर दिव्यांगों के परिजन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बलकुदरा छाइ-डैम में झामुमो पंचायत समिति बलकुदरा की हुई बैठक

# ग्रामीणों के अधिकार के लिए लड़ेंगे लड़ाई: योगेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** झामुमो पंचायत समिति बलकुदरा के द्वारा बलकुदरा छाई-डैम के समीप रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव उपस्थित थें। बैठक में कहा गया कि स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों द्वारा पतरातू प्रखंड के बलकुदरा छाई-डैम के जनसमस्याओं को लेकर विगत वर्षों से पीवीयूएनएल कंपनी के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास को लेकर झामुमो के बैनर तले आंदोलनरत है। स्थानीय विस्थापित द्वारा पीवीयूएनएल प्रबंधन को 5 अप्रैल 2023, 24 नवंबर 2023 को मांग पत्र सौंपा गया था। इसके बाद पुनः 18 दिसंबर 2023 को पीवीयूएनएल कंपनी के मैन गेट के समक्ष विशाल जन आक्रोश रैली निकाल धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन मामले पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी। बावजूद इसके 5 मार्च को बलकुदरा छाई-डैम मे पीवीयूएनएल कंपनी द्वारा जबरदस्ती प्रशासन की मदद से काम करने की कोशिश की गयी। जिसे ग्रामीणों द्वारा रोका गया। 12 मार्च को कंपनी के मेन गेट के समक्ष भूख-हड़ताल के माध्यम से पुनः समिति द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। लेकिन अभी तक मांगों पर किसी तरह का सकारात्मक पहल नहीं किया गया। मौके पर योगेंद्र यादव ने कहा कि प्रबंधन का अड़ियल रवैया बढ़ता ही जा रहा है। पीवीयूएनएल प्रबंधन दलालो व बिचौलिए के माध्यम से मोटी रकम लेकर बहाली कर रही है, जिसका हर हाल में विरोध होगा। साथ ही मांगो को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, उपायुक्त रामगढ़, अंचल अधिकारी पतरातू को भी मांग-पत्र सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराया जायेगा। कहा गया कि जब तक विस्थापित ग्रामीणों की मांगे पूरा नहीं होगी तब तक छाई-डैम में काम नहीं करने दिया जायेगा। बैठक में झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव, पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा, पंचायत सचिव सन्नी मुंडा, कुणाल यादव, सुकेश मुंडा, दीपक मुंडा, रवि महली, सोनू मुंडा, अरविंद यादव, संजय उरांव, अजय मुंडा, कृष्ण मुंडा, अजय कुमार, संदीप उरांव आदि मौजूद थें।

# जनता मजदूर संघ के संस्थापक की मनी 33वीं पुण्यतिथि

**सूरज देव सिंह मजदूरों के मसीहा थे: नीशी पांडे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पतरातू।** जनता मजदूर संघ के संस्थापक मजदूर मसीहा झरिया के पूर्व विधायक स्वर्गीय सूरज देव सिंह जी के 33वें पुण्य तिथि शनिवार को जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडे के आवासीय कार्यालय पतरातू में मनायी गयी। इस दौरान सर्वप्रथम जनता मजदूर संघ के सदस्यों के द्वारा स्वर्गीय सूरज देव बाबू के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किये गये। इसके बाद गरीब बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री और मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष निशी पांडे ने कहा की जनता मजदूर संघ के संस्थापक स्वर्गीय सुरजदेव बाबू मजदूरों के मसीहा थे। वे हमेशा मजदूरों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे। आज उनके बताये रास्ते पर हम सभी चलकर संघ को मजबूत करने का काम कर रहे हैं और आगे भी उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर संघ को और मजबूती प्रदान करेंगे। जनता मजदूर संघ के केंद्रीय संगठन सचिव सब वेलफेयर बोर्ड मेंबर सीसीएल सुखदेव प्रसाद ने कहा की स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह जनता मजदूर संघ की स्थापना कर मजदूरों को संगठित कर शोषण से मुक्ति दिलाई और मजदूरों को हित में अनेकों आंदोलन किया और मजदूरों के मसीहा कहलायें। कार्यक्रम में जनता मजदूर संघ के सीसीएल रिजनल के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, बरका सयाल के क्षेत्रीय अध्यक्ष चमन मुंडा, क्षेत्रीय सचिव दशरथ कुर्मी, रवि गिरी, महेंद्र सिंह, शिवचरण करमाली, विजय राम, राजेश बेदिया, बैजनाथ कुमार, सत्यनारायण ठाकुर, परदेसी नोनिया, अजय कुमार, दिलीप राम सहित जनता मजदूर संघ के बरका सयाल क्षेत्र के सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

## मजदूरों की आवाज थे सूरज देव सिंह: जगदीश



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ के संस्थापक स्व सूरजदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि नयामोड़ कुजू स्थित संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित किया। बाद में मौजूद सदस्यों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित किया। मौके पर जगदीश महतो ने कहा कि स्व सूरजदेव सिंह ने जनता मजदूर संघ को स्थापित कर मजदूरों के हक व अधिकारी को उठाने का काम किया था। जो आज भी हम सभी लोगों के बदौलत जारी है। मजदूरों के हक व अधिकार के आवाज उठाकर हम सभी लोग उनको श्रद्धांजलि देने का काम करेंगे। बाद में उन्होंने लोगों से संघ के प्रति लोगों को जागरूक करने की बात कही। इसके बाद लोगों के बीच पुण्यतिथि को लेकर मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर एसके ओझा, उमेश प्रसाद साहू, ललन यादव, रोहन महतो, नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार महतो, रौशनलाल महतो, ब्रह्मदेव राम, रमेश पांडेय, राजेश बेदिया, सुखदेव साव, राथो मुंडा, एतवा करमाली, पवन कुमार, एलारूस उरांव, झुनकु सिंह, मेघलाल मंडल, ब्रह्मदेव राम, राजकुमार दास, रमेश पांडे, राजेश बेदिया, सुखदेव साव, पवन कुमार मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रतापपुर मुख्य मार्ग स्थित राजधानी मोड़ के समीप शनिवार की देर शाम दो हाईवे द्वारा मोटरसाइकिल पर सवार को चकमा दे दिया। जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल से अपना नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी गोद में बैठी डेढ़ साल की बच्ची संध्या कुमारी को भी हल्की चोट आयी। घायल महिला बलुरी गांव निवासी संदीप चंद्रवंशी की 28 वर्षीय पत्नी सरिता देवी है। परिजनों द्वारा घायल को गया के मगध मेडिकल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से बाराचट्टी से अपने ससुराल बलुरी गांव जा रही थी। इसी दौरान ससुराल के समीप ही यह घटना घटी और उसकी मौत हो गई। उसकी मौत हो जाने से घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## आदिम जन जातियों के बीच बांटे गये चावल



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र जोलडीहा पंचायत के कुरुखेता बिरहोर टोला में आदिम जनजातियों के बीच प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार द्वारा खाद्यान्न वितरण किया गया। वहीं अन्य समस्याओं को लेकर बातचीत की। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि आदिम जान जातियों का रहन-सहन में बदलाव हो रहा है। कुछ बच्चे स्कूल भी जा रहे हैं, जिन्हें सरकार द्वारा हर संभव सहायता दिया जायेगा। 46 परिवारों के बीच चावल और नमक सरकार के द्वारा नि:शुल्क में उपलब्ध कराया गया है।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने बांटे पौधे




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण की हरियाली को लेकर रविवार को लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हॉल में कोयलांचलवासियों के बीच पौधा का वितरण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा आम, अमरूद, पपीता, काजू, नींबू, अशोक आदि 35 पौधों का वितरण कर इसके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कहा गया कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विजयंत कुमार, शिवा प्रसाद, प्रमोद शर्मा, विजय वर्णवाल, आदि का विशेष योगदान रहा।

## सेल संचालन समिति ने लिया धरना वापस




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सौंदा बस्ती संचालन समिति ने रविवार को सीसीएल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के बाद आंदोलन को वापस ले लिया। वार्ता में मुख्य रूप से सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी और सेल संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे। वार्ता में प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया आरए माइनिंग में 13 स्थानीय व्यक्तियों को काम पर लगाया गया था। दो अन्य लोगों को बहाल किया जायेगा। खदान में कार्यरत कर्मियों का फॉर्म-अ भरा जायेगा। साथ ही फॉर्म - ऊ में हाजिरी बनेगी। वहीं प्रबंधन की ओर से कहा गया कि नई नियुक्ति और वेतन के संबंध में आगामी 19 जून को त्रिपक्षीय वार्ता की जायेगी। वार्ता के बाद सेल संचालन समिति की ओर से कहा कि 15 जून को सयाल डी माइंस में आउटसोर्सिंग कंपनी का काम ठप कराते हुए ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर थे। धरना के दूसरे दिन रविवार को प्रबंधन और सेल संचालन समिति की वार्ता हुई। प्रबंधन के आश्वासन पर आंदोलन वापस ले लिया गया है। आगामी 19 जून को त्रिपक्षीय वार्ता में सहमति ने बनने पर आर ए माइनिंग का काम पुन ठप करा दिया जायेगा। वार्ता में एसओपी अजय कुमार, सयाल पीओ सुबोध कुमार, आरए माइनिंग के पीके श्रीवास्तव, सेल संचालन समिति अध्यक्ष दयानंद प्रसाद, सचिव अंबर कुमार, हरि नारायण प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, पवन कुमार, चितरंजन कुमार, सूरज प्रसाद, अभिषेक कुमार शामिल रहे।

## प्रतापपुर बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक

**प्रतापपुर / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार भवन में शनिवार को बीडीओ अजय कुमार दास के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव उपस्थित थे। इस दौरान बीडीओ अजय कुमार ने 15 वें वित्त,बायोमैट्रिक उपस्थिति और पंचायत सुद्दढ़ीकरण को लेकर चर्चा किया और दिशा-निर्देश दिया। अबुआ-आवास को जल्द पूर्ण करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर मुखिया और पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी ओपी परिसर में रविवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी राम कुमार राम की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में शांतिपूर्ण बकरीद मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर ओपी प्रभारी राम कुमार राम ने कहा कि बकरीद का त्योहार लोग आपसी भाईचारे के साथ मनाये। उरीमारी क्षेत्र की पंरपरा रही है कि लोग सभी पर्व त्यौहार आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ मनाते आये हैं। यह पंरपरा आगे भी जारी रहे इसके लिए सभी को अपना दायित्व निभाना होगा। ओपी प्रभारी राम कुमार राम ने यह भी कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी स्थान से संबंधित अफवाहो पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस सोशल मीडिया पर अपनी निगरानी रख रही है। वहीं इस मौके पर उरीमारी ओपी के एएसआई रसिक किस्कू, सीताराम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, सीताराम किस्कू, उरीमारी पंचायत उपमुखिया सतीश कुमार, डॉ जी आर भगत, आस पार्टी उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष मोहम्मद हसन, चंदू जायसवाल, संजय यादव, लालो महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### भवनाथपुर में शादी कराने के नाम पर मानव तस्करी करने का धंधा फल-फूल रहा है

# गरीब और अनाथ परिवार के लड़कियों को पैसा का प्रलोभन देकर ले जा रहे हैं दूसरे राज्य में

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों भोले भाले गरीब और अनाथ परिवार के लड़कियों को पैसा का प्रलोभन देकर शादी कराने के नाम पर मानव तस्करी करने का मामला दो तीन वर्षों से भवनाथपुर में जड़ जमा रहा है। जिसमें थाना क्षेत्र के कई महिला और पुरुष दलाल ऐसे गरीब परिवार के ऊपर अपनी गिद्ध दृष्टि जमाते हुए यूपी और राजस्थान में लड़की से दुगने उम्र के पुरुष के साथ शादी करा रहे हैं, जिसमें दलालों और इससे जुड़े लोगों को काफी मुनाफा भी होता है। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अब तक डेढ़ दर्जन वियार, चेरो भुइंया, मुश्लिम, हरिजन जाति के गरीब परिवार की लड़कियों की शादी दलालों के माध्यम से करायी जा चुकी है। इसी मामले में थाना क्षेत्र के एक महिला के द्वारा अपनी नाबालिक लड़की का पैसा का प्रलोभन देकर यूपी में दलाल के माध्यम से शादी कराने के मामले में श्रीबंशीधर नगर के दो दलालों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस महिला के बयान पर करवाई में जुट गयी है। दिये गये आवेदन में महिला ने जिक्र किया है, कि मैं एक विधवा गरीब महिला हूं मेहनत मजदूरी कर अपने दो बच्चों एक लड़का और एक लड़की के साथ साथ अपने दिब्यांग वृद्ध ससुर का भरण पोषण करती हूं ।

अपनी लड़की की शादी के लिए भवनाथपुर पनियाही निवासी मुंह बोली मौसी सुराजी देवी पति नरेश राम से एक माह पूर्व बातचीत किया था, जिसके बाद श्रीबंशीधर नगर निवासी रामजन्म पासवान और छठू अंसारी मेरे घर बीते 12 जून को मेरे घर पहुंचे तथा मुझे पैसा का प्रलोभन देकर मेरी लड़की की शादी कराने की बात किया था, उसने नगद तेरह हजार पांच सौ रुपये दिया और शादी के बाद देने की बात किया था, जिसके झांसे में आ गयी। परंतु इसी बीच कुछ लोगों के द्वारा मुझे सूचना मिली की उक्त दोनों लोग दलाल है, जो गरीब परिवार के भोले भाले लोगों को पैसा का प्रलोभन देकर शादी कराते है, तो मैंने शादी से इंकार कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस के द्वारा मुझे और मेरी लड़की को सुरक्षा हेतु थाना लाया गया और बाल कल्याण समिति गढ़वा को दे दिया गया, जहां से मुझे मेरी लड़की को सुरक्षित सौंप दिया गया है। पीड़ित महिला ने पुलिस से मामले की जांचों उपरांत संबंधित लोगों पर करवाई करने की शिकायत किया है।

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
गौरवशाली 9 वर्ष

बोनीफास कुजूर
केन्द्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी आजसू पार्टी, झारखंड

झुमरी तिलैया नगर परिषद
आम सूचना
वित्तीय वर्ष 2024-25 का होल्डिंग टैक्स 30 जून, 2024 के पहले जमा करने पर करदाताओं के कर (वर्त्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार है :-
झारखंड नगरपालिका सम्पति कर नियमावली 2022 में प्राधानित विशेष छूट
- कर संग्रहकर्त्ता को घर पर बुलाकर भुगतान करने पर करदाताओं को 5% की छूट
- स्वयं कार्यालय में आकर कर भुगतान करने पर अतिरिक्त 2.5% की छूट
- ऑनलाइन माध्यम से कर भुगतान करने पर अतिरिक्त 5% की छूट
इसके अतिरिक्त छूट जो निम्न प्रकार है :-
- झारखंड राज्य की महिलाओं, वरिष्ठ नागरिक, विकलांग, किन्नर, भारतीय सेना (जल, थल, वायु) में काम करने वालों को 5% की अतिरिक्त छूट
- 350 वर्ग फीट तक के भवन धृति कर से मुक्त रहेंगे, परन्तु उनका मूल्यांकन किया जायेगा।
नोट : छूट केवल शत-प्रतिशत आवासीय धृति के लिए मान्य
सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि अपने कर का भुगतान ससमय करते हुए छूट का लाभ उठाएं एवं अपने शहर के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
नोट : 30 जून के उपरान्त बकाये टैक्स पर प्रतिमाह 1% की दर से ब्याज देय होगा।
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद
ज्ञापांक : 1638, दिनांक 31.5.2024

DEV DANCE STUDIO, LATEHAR
THE GLAM UP TOUCH 21
Professional Make-up Artist
Hair Style, DM for Booking, and Collaboration
DEV DANCE STUDIO
Best Choreographer Award 2020


Place - Near Vaishnav Durga Mandir, Latehar (Jharkhand)
Mob : 7979773450
Choreographer - Dev Mishra

निष्पक्ष एवं विशुद्ध पत्रकारिता
आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

अनिरुद्ध चौबे
सचिव, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान, घाघरा, गुमला

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

यूनुस अली
इंडियन गैस वितरक, बनारी नरमा, बिशनपुर

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

रिजवान अंसारी
प्रखंड अध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी जारी प्रखंड सह बीस सूत्री सदस्य जारी प्रखंड, अलबर्ट एक्का प्रखंड जारी, गुमला

गौरवशाली 9वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
ऐराकीन कमेटी हजरत गुलामे किबरिया
सुफी अयाज शाह वारसी, रहमतुल्लाह अलैह
मो.: 9608032633/8340156514
अयाज नगर, भादोडीह, झुमरी तिलैया, कोडरमा, झारखण्ड

गौरवशाली 9वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

आजाद सिपाही
समीर राय
कोषाध्यक्ष
भाजपा खिजरी मंडल,
स्वतंत्रता सेनानी पौत्र

गौरवशाली 9वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

आजाद सिपाही
अशोक मुंडा
अध्यक्ष
भाजपा खिजरी मंडल

गौरवशाली 9वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

आजाद सिपाही
मनोज कुमार सिंह
राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि
खिजरी नामकुम

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

गौरवशाली 9 वर्ष
शैल मिश्रा
निवर्तमान वार्ड पार्षद, नगर परिषद, गुमला सह पुर्व जिला अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, भाजपा, गुमला

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
गौरवशाली 9 वर्ष

राकेश झा
समाज सेवी
मांझाटोली
रायडीह, गुमला


आजाद सिपाही उत्कर्ष का 9वां वर्ष
समाचार पत्र और मीडिया के बिना लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती।
गौरवशाली 9वें वर्ष
में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
आजाद सिपाही महोत्सव विश्वास का
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए धन्यवाद

उमेश कुमार बड़ाईक
भाजपा नेता
खिजरी विधानसभा, रांची।

# टेस्ट मैच के खिलाड़ी नीतीश! अंतिम गेंद तक बनाते हैं रणनीति

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में ठीक-ठीक अंदाजा तो लालू यादव भी नहीं लगा पाये। जबकि, दोनों एक-दूसरे को स्टूडेंट लाइफ से ही जानते हैं। ऐसे में अविश्वसनीय राजनीति के वाहक नीतीश कुमार की क्या अग्निपरीक्षा शेष है? राजनीति में जो दिखता है वो होता नहीं, जो होना होता है उसका आभास तक नहीं होता। राजनीति में कोई हमेशा न तो दोस्त होता है और न ही दुश्मन। इस बात का एहसास बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने धुर विरोधी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ दो-दो बार सरकार बना कर पुष्ट कर डाला। 'अविश्वसनीय राजनीति' के साथ नेशनल पॉलिटिक्स में सीधी दखलंदाजी वाली पाली पर विराम लगाते ही, नीतीश कुमार की चुप्पी को सियासी गलियारों में आवाज मिलने लगी है। इस आवाज को तब बल मिला, जब एक फ्लाइट में सफर कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने बगल में बिठा लिया। ये वो समय था, जब केंद्र में मंत्रियों की संख्या और विभाग को लेकर जदयू की राजनीति के स्वर मध्यम हो गये थे। नीतीश कुमार की राजनीति का एक पहलू ये भी है कि संख्या बल का दबाव सहयोगी दल पर बना रहे। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी के 'पीएम पद का ऑफर' वाले बयान को इससे जोड़ कर देखा जा सकता है। इस बयान का मतलब इंडिया गठबंधन की तरफ एक खिड़की खोलना भी है। वैसे भी क्रिकेट की भाषा में बात करें तो नीतीश कुमार टेस्ट मैच के खिलाड़ी रहे हैं। बल्लेबाजी धीमी करते हैं। ट्वेंटी-ट्वेंटी की तरह हर बॉल पर छक्का मारने की फिराक में नहीं रहते। ये नीतीश कुमार की डिफेंसिव तकनीक है। इन्हें नो बॉल का इंतजार रहता है, जहां गलत शॉर्ट पर आउट होने का खतरा भी नहीं और तुक्का लगा तो छक्का। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति में परिवर्तन के संकेत अक्सर संभावनाओं से परे रहे हैं। बिहार के संदर्भ में गठबंधन का टूटना और नया एलायंस बना लेने में नीतीश कुमार को 'एक्सपर्ट' के तौर पर ट्रीट किया जाता है। हालांकि, पहली बार राजद के साथ सरकार बनाने में समय लिया। राजनीति की कई सूरत दिखाने वाले नीतीश कुमार के लिए वर्तमान समय परीक्षा की घड़ी है। ये उनके राष्ट्रीय राजनीति और सेकुलर पॉलिटिक्स का समझने का समय है। अब ये इंडिया गठबंधन पर भी निर्भर करता है कि वे नीतीश कुमार का बेहतर इस्तेमाल कर सेकुलर राजनीति के वफादार बनेंगे या सत्ता के शीर्ष पर बने रहने की जिद्द के साथ। दूसरा सवाल ये है कि भाजपा की तरफ से कोई नो बॉल तो आये? लेकिन इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के बीच का 'खेला' अभी बाकी है। ये वो समय भी नहीं, जहां नीतीश कुमार की परीक्षा हो सके। लेकिन लोकसभा में संख्या बल का गणित जब सिर चढ़ कर बोलेगा, तब वो समय नीतीश कुमार की राजनीति की अग्निपरीक्षा की समय होगी।

**नीतीश कुमार दो ध्रुवी राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। काफी संयमित होकर हर छोर की राजनीति के साथ समन्वय बना कर चलते हैं। हाल ही में फ्लाइट में तेजस्वी यादव को पीछे से अपने साथ बिठाने का कोई एक मकसद नहीं था। एक तो भाजपा का कान खड़खड़ाए और दूसरा ये कि धुर विरोधी तेजस्वी यादव से संवादहीनता न आये।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**सरकारी फंड से भी पेंशन देने में इसी नियम का पालन किया जा सकता है और 20 वर्ष की रेगुलर नौकरी पूरी करने से पहले सेवानिवृत्ति के मामलों में मिनिमम पेंशन 9000? प्लस महंगाई भत्ते के प्रावधान से भी इस समस्या का निदान किया जा सकता है। जिससे सरकार पर भी कोई खास भार नहीं पड़ेगा। स्टडी के मुताबिक ऐसा करने पर सरकार को वर्ष 2033 से प्रति वर्ष एक लाख करोड़ रुपये तक की वापसी मिल सकती है।**

# संभव है पुरानी पेंशन बहाली!

**डॉ. मजीत सिंह पटेल**

सरकार पर आर्थिक बोझ को कम करने और पेंशन के लिए मार्केट से व्यवस्था करने के उद्देश्य से जनवरी 2004 से पुरानी पेंशन व्यवस्था को त्यागकर नेशनल पेंशन सिस्टम को अमल में लाया गया। जिसे पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों में अलग अलग समय पर लागू कर लिया गया। पिछले सात आठ सालों से इस व्यवस्था के खिलाफ राज्यों और केंद्र में बड़े बड़े आंदोलन चल रहे हैं। कुछ राज्यों ने यथा सिक्किम, नागालैंड, पंजाब ने इस मसले पर कमेटियां गठित की हैं और कुछ राज्यों ने यथा हिमाचल, झारखंड, राजस्थान आदि ने ओल्ड पेंशन को फिर से लागू करने के आदेश जारी किये हैं। आंदोलन के बढ़ते दबाव के चलते केंद्र सरकार ने भी पिछले वर्ष 2023 के अप्रैल में एनपीएस को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी गठित की है। हालांकि कमेटी की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। इस बीच यह बहस छिड़ गयी है कि पुरानी पेंशन देश की अर्थव्यवस्था पर भार साबित होगी और यह राज्यों को दिवालिया बनायेगी।

अब यह समझने की जरूरत है कि नयी और पुरानी पेंशन व्यवस्था में मूलभूत अंतर क्या हैं। पुरानी पेंशन में जीपीएफ के नाम से मिनिमम 7% अंशदान लिया जाता था जिसे कर्मचारी अपनी मर्जी से बेसिक सेलरी के बराबर करवा सकता था। इस हिस्से पर सरकार ब्याज की गारंटी देती थी। इस पैसे को कर्मचारी अपनी सुविधानुसार निकाल सकता था। सेवानिवृत्ति पर यह पूरा पैसा उसको एकमुश्त मिल जाता था। सेवानिवृत्ति पर उसे अंतिम सेलरी का 50% पेंशन के रूप में अलग से हर महीने मिलता था। डीए और पे कमीशन का लाभ भी उसको मिलता था।

**रिटायरमेंट पर कर्मचारियों को कुल कॉर्पस का 60 फंड दिया जाता था, अब उसकी जरूरत ही न रहेगी बल्कि कर्मचारियों को केवल उनका ही अंशदान वापस मिलेगा।**

अब जो व्यवस्था एनपीएस में की गयी है उसमें जीपीएफ की तरह ही लेकिन 10% की कटौती की जाती है। सरकार भी अपनी तरफ से 10% के मुकाबले 14% का अंशदान करती है जिसको एलआइसी, यूटीआइ और एसबीआइ शेयर मार्केट में निवेश करते हैं। इस पैसे पर ब्याज की कोई गारंटी नहीं दी गयी है।



**कुछ राज्यों ने यथा सिक्किम, नागालैंड, पंजाब ने इस मसले पर कमेटियां गठित की हैं और कुछ राज्यों ने यथा हिमाचल, झारखंड, राजस्थान आदि ने ओल्ड पेंशन को फिर से लागू करने के आदेश जारी किये हैं। आंदोलन के बढ़ते दबाव के चलते केंद्र सरकार ने भी पिछले वर्ष 2023 के अप्रैल में एनपीएस को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी गठित की है। हालांकि कमेटी की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। इस बीच यह बहस छिड़ गयी है कि पुरानी पेंशन देश की अर्थव्यवस्था पर भार साबित होगी और यह राज्यों को दिवालिया बनायेगी।**

सेवानिवृत्ति पर जितना भी कॉर्पस इकट्ठा हो जाता है, उसका 60% फंड के रूप में कर्मचारी को दे दिया जाता है और 40% फंड का, उसको पेंशन के लिए एन्यूटी के रूप में लगाना पड़ता है। अब समस्या ये है कि जिन कर्मचारियों का रिटायरमेंट 25, 30 साल की नौकरी के बाद होगा उन्हें तो ठीक ठाक पेंशन मिल सकती है। मगर जिनका रिटायरमेंट 15, 20 साल की नौकरी में ही हो रहा है उनके लिए एनपीएस व्यवस्था अभिशाप बन गयी है, क्योंकि इतनी नौकरी में कॉर्पस बहुत कम बनता है और उसके 40% पर पेंशन तो और भी कम बनती है। जिसके कारण खासकर राज्यों में लोगों को 2000 से 3000 ? की मात्र पेंशनें मिल रही हैं। विरोध का यही प्रमुख कारण भी है।

पुरानी पेंशन व्यवस्था में एक और गारंटी थी कि किसी की पेंशन 9000? से कम नहीं हो सकती थी। पेंशन कम बनने पर उसको मिनिमम 9000? के साथ डीए दिया जाता था। जिससे उनकी ओल्ड एज सोशल इनकम सिक्योरिटी की गारंटी कवर रहती थी। अब यह देखने की जरूरत है कि क्या वास्तव में पुरानी पेंशन देश या किसी राज्य को दिवालिया कर सकती है? क्या इसको फिर से लागू किया जा सकता है या क्या एनपीएस को ओपीएस में बदला जा सकता है? तो स्टडी यह कहती है कि हां एनपीएस व्यवस्था को बिना खत्म किये भी कुछ बदलाव करके इसको ओपीएस जैसा या ओपीएस ही बनाया जा सकता है। पहली बात ये है कि पुरानी पेंशन में सरकार कोई अंशदान नहीं देती थी जबकि एनपीएस में उसे 14% अतिरिक्त सेलरी देनी पड़ती है। यदि सरकार एनपीएस में ही यह व्यवस्था कर दे कि कर्मचारी और सरकार के अंशदान अलग अलग रहेंगे और कर्मचारी के अंशदान पर जीपीएफ की तरह ही फिक्स ब्याज दिया जायेगा। यह सुविधा भी दी जाय कि कर्मचारी अपने अंशदान को 10% से बढ़ाकर बेसिक सेलरी के बराबर कर सकता है। फिक्स ब्याज के चलते सभी कर्मचारी अपने अंशदान को दो से चार गुना तक बढ़ा सकते हैं जो मार्केट की लिक्विडिटी और इन्वेस्टमेंट को अप्रत्याशित रूप से बढ़ा देगा। चूंकि अब तक 20 वर्षों में एनपीएस का रिटर्न हमेशा जीपीएफ से ज्यादा रहा है तो कर्मचारियों के अंशदान पर 7% की फिक्स गारंटी देना भी कोई बड़ी चुनौती नहीं है। बैंकों को ऐसा करना भी चाहिए क्योंकि देश भर के 85 लाख कर्मचारियों से ही उन्हें तकरीबन 12000 करोड़ रुपये हर महीने मिलते हैं जो एक बहुत बड़ी बात है। अगर ये बंद हो जाये तो इन बैंकों का सर्वाइवल ही मुश्किल हो जायेगा। रिटायरमेंट पर कर्मचारियों को कुल कॉर्पस का 60% फंड दिया जाता था, अब उसकी जरूरत ही न रहेगी बल्कि कर्मचारियों को केवल उनका ही अंशदान वापस मिलेगा। ऐसा करने से सरकार के फंड में 45.83% की अतिरिक्त बढ़त होगी जिसे पेंशन फंड/एन्यूटी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरा यह कि कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद 50% पेंशन कैसे दी जाये? यह भी ज्यादा मुश्किल काम नहीं है। एनपीएस में हम देखते हैं कि सरकार हर महीने 14% अतिरिक्त सेलरी का अंशदान करती है। 30 वर्षों की नौकरी के दरम्यान हम पाते हैं कि यह अंशदान लगभग 11% रिटर्न के आधार पर इतना हो जाता है कि उससे ही ओपीएस के बराबर पेंशन दी जा सकती है। यानी अगर सरकार अपने अंशदान से ओपीएस के बराबर पेंशन देने की व्यवस्था कर दे तो यह कॉर्पस उसके पास ही वापस आ जायेगा। जबकि एनपीएस में दोनों अंशदान अंततः कर्मचारी और उसके परिवार को चले जाते हैं। इस तरह हम पायेंगे कि जो पैसा सरकार किसी कर्मचारी की पेंशन के लिए पूरी नौकरी के दरम्यान कंट्रीब्यूट करती है वो रिटायरमेंट पर सरकार को ही एकमुश्त वापस मिल सकता है। यह प्रक्रिया एक ऐसे साइकिल का निर्माण करेगी जिससे एक परमानेंट पेंशन फंड तैयार हो जायेगा।

सबसे बड़ी बात यह होगी कि किसी भी पेंशनर की मृत्यु के बाद अगर उसका स्पाउस जिंदा है तो उसको अंतिम पेंशन का 60% ही फैमिली पेंशन के रूप में देना पड़ता है। अगर हम भारत की जीवन प्रत्याशा के हिसाब से देखें तो पाते हैं केवल 30% लोग ही सेवानिवृत्ति के बाद 70 वर्ष या अधिक उम्र तक जीवित रहते हैं जिन पर अधिकतम पेंशन का खर्च करना पड़ता है। ज्यादातर मामलों में यह खर्च सालाना कम होता जाता है क्योंकि हर वर्ष कुछ पेंशनर्स की मृत्यु हो जाती है। केंद्र सरकार में नौकरी करने वाले कर्मचारियों के मामलों में सेवानिवृत्ति लगभग 30 वर्ष की नौकरी के बाद ही होती है इसलिए उपयुक्त कॉर्पस की दिक्कत नहीं आती लेकिन बहुत से राज्यों में नौकरियों के लिए 40, 45 वर्ष तक नौकरी पाने के लिए छूट दी गयी हैं अतः कर्मचारी अधिकतम आयु पर नौकरी पाते हैं जहां कम नौकरी के बाद सेवानिवृत्ति पर कॉर्पस भी बहुत कम हो पाता है। हालांकि राज्यों में 50% पेंशन के लिए उन राज्यों में अलग-अलग सेवा वर्षों की सेवा का प्रावधान है। जैसे राजस्थान में 25 वर्ष, उत्तर प्रदेश में 20 वर्ष, छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष आदि। इससे कम नौकरी होने पर उसी अनुपात में कम पेंशन का प्रावधान है। सरकारी फंड से भी पेंशन देने में इसी नियम का पालन किया जा सकता है और 20 वर्ष की रेगुलर नौकरी पूरी करने से पहले सेवानिवृत्ति के मामलों में मिनिमम पेंशन 9000? प्लस महंगाई भत्ते के प्रावधान से भी इस समस्या का निदान किया जा सकता है। जिससे सरकार पर भी कोई खास भार नहीं पड़ेगा। स्टडी के मुताबिक ऐसा करने पर सरकार को वर्ष 2033 से प्रति वर्ष एक लाख करोड़ रुपये तक की वापसी मिल सकती है।

**लेखक**
**ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन, नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

### विधायक सरयू राय ने खेल प्रेमी युवाओं को दी सौगात

# 35 लाख की लागत में बास्केटबॉल,नेटबॉल, विलियर्ड्स और स्नूकर्स, टेबल टेनिस कोर्ट का कराया निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने पढ़ाई के साथ खेल के प्रति इछुक युवाओं में जागरूकता लाने के लिये सरानीय पहल की है। विधायक राय ने अपने विधायक निधि से लगभग 35 लाख की लागत से बास्केटबॉल कोर्ट,नेटबॉल कोर्ट, विलियड्र्स और स्नूकर्स,टेबल टेनिस कोर्ट का निर्माण कराया। इससे क्षेत्र के युवाओं में शिक्षा के साथ-साथ खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। ओलंपिक दिवस की पूर्व संध्या पर आगामी 22 जून को बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन सुप्रसिद्ध बास्केटबॉल के ओलंपिक खिलाड़ी हर भजन सिंह के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सरयू राय करेंगे। उद्घाटन समारोह में अंतराष्ट्रीय ओलंपिक स्तर के बास्केटबॉल कोच जेपी सिंह को भी आमंत्रित किया गया। उद्घाटन समारोह के दिन से बास्केटबॉल का दो दिवसीय दोस्ताना मैच की शुरूवात होगी, जिसमें विभिन्न विद्यालय के बास्केटबॉल टीम भाग लेंगे। मैच का समापन 23 जून यानी ओलंपिक दिवस की संध्या काल मे होगा। इसके बाद से बास्केटबॉल कोर्ट में खिलाडियों के प्रशिक्षण व मैच के शिलशिला जारी रहेगा। वही विधायक निधि से बास्केटबॉल कोर्ट के बगल में नेटबॉल कोर्ट का निर्माण भी अंतिम चरण पर है। साथ ही टाऊन हॉल के सामने दो बड़े कमरे में विलियड्र्स एवं स्नूकर्स व टेबल टेनिस के लिए कोर्ट का उद्घाटन भी इसी माह में होना है। इसके लिए आवश्यक खेल सामग्रियों की आपूर्ति लगभग हो चुकी है। विधायक सरयू राय ने इंडोर गेम खेलने और इन सामग्रियों की व्यवस्था करने के लिए विधायक निधि से फंड रिलीज की है। इसका उद्घाटन भी शीघ्र ही होगा। बताया जा रहा है विधायक सरयू राय के विधायक निधि से बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण में राशि 24,55,230 लाख, नेटबॉल कोर्ट निर्माण में राशि 1,09,790 लाख, विलियड्र्स/स्नूकर्स एवं संबंधित सामग्रियों निर्माण में राशि 5,59,500 लाख, टेबल टेनिस कोर्ट निर्माण और संबंधित सामग्रियों के लिए राशि 3,11,852 लाख दिया गया, ताकि जमशेदपुर पूर्वी विधान सभा में रहने वाले इछुक खिलाड़ी को कही बाहर जाने की जरूरत न पड़े। साथ ही उन्हें अलग अलग खेल के लिए सुविधा उपलब्ध हो सके।

## मंगल कालिंदी ने 8 पंचायत के ग्रामीणों को दी अत्याधुनिक एंबुलेंस की सौगात



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जमशेदपुर प्रखंड स्तिथ देवघर पंचायत क्षेत्र के सिमूलडांगा चौक में 8 पंचायत के ग्रामीणों को एक अत्याधुनिक एंबुलेंस की सौगात दी। रविवार को विधायक श्री कालिंदी ने टाटा ब्लू स्कोप कंपनी के सौजन्य से प्राप्त मेडिकल सुविधाओं से सम्पन्न एंबुलेंस लोगों को समर्पित किया। मौके पर विधायक ने हरी झंडी दिखा कर उसे रवाना किया। विधायक ने कहा कि हाइवे बनने के बाद डिमना से लेकर पिपला तक एक्सीडेंट का दर काफी बढ़ गया था। स्थानीय ग्रामीणों को अस्पताल तक जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों के मांग को देखते हुए मेडिकल उपकरण के साथ एक एम्बुलेंस वाहन 8 पंचायत के लोगों को समर्पित किया गया, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को राहत मिल सके।विधायक मंगल कालिंदी ने बताया एम्बुलेंस को सुचारु रूप से चलाने के लिए क्षेत्र में एक संचालक कमिटी बनाया गया। इस अवसर पर 8 पंचायत के ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक लोग शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता घाशीराम सिंह और संचालक दीपक रंजीत ने किया। मौके पर माणिक महतो, घासिराम सिंह,अबोध सिंह,भूसु गौड़, बुद्धेश्वर महतो,गोविन्द गोराई,सीटू महतो,सीताराम चालक,रसराज सिंह,तपन कुमार माझी,केशव टुडू,नील मोहन गोराई,जवाहर सिंह,राखाल सोरेन,रूस धीबर,अर्जुन सोरेन, गंगाराम किस्कू,गणेश चंद्र माझी, रमेश सिंह सरदार,लुटू हो,परेश सिंह,ईशान महतो,गोविन्द महतो, नागेंद्र सोरेन,राम कुमार सोरेन सहित क्षेत्र सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी बने मंनोज गुप्ता



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। शहर के युवा तेज तरार नेता, समाज को जोड़ कर चलने वाले और आंदोलन को लेकर संघर्ष करने वाले मनोज गुप्ता की पहचान अब बढ़ने लगी है। बीते दिनों लोकहित अधिकार पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने शाहर के मंनोज गुप्ता को प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी जमशेदपुर मनोनित किया। उन्होंने कहा कि आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है मंनोज गुप्ता अपने दायित्व का निर्वाहन पूरी निष्ठा पूर्वक करेंगे। साथ ही पार्टी को नई उँचाईयों तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। मौके पर पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर मंनोज गुप्ता का भब्य स्वागत किया। वही पार्टी की ओर से अपार सम्मान मिलने पर मंनोज गुप्ता ने कहा कि मेहनत और लगन के साथ पार्टी को हर संभव आगे ले जाने का प्रयास करेंगे।

# झारखंड क्षत्रिय महिला संघ के प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के सैकड़ों युवा हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ जे द्वारा बिस्टुपुर माइकल जॉन ऑडिटोरियम में झारखंड क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत महतो,विधायक सरयू राय,एसडीओ पारुल सिंह ,पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह, संस्था के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, महिला संघ के अध्यक्ष डॉ कविता परमार, मंजू सिंह साहित अन्य शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व देश के महान वीर योद्धा महाराणा प्रताप,बीर कुंवर सिंह और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण झारखंड क्षत्रिय के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह ने दिया। मौके पर कविता परमार ने बताया बीते 2014 से लगातार यह कार्यक्रम आयोजित की जारही है। उम्मीद है अगले साल से यह कार्यक्रम सम्मानित बच्चों के सौजन्य से ही संपन्न होगा, जिसकी जिम्मेवारी भानु प्रताप सिंह और स्वराज सिंह को दी गयी। सांसद विद्युत वरण महतो ने क्षत्रिय समाज के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा इस तरह की आयोजन से समाज के दूसरे बच्चों को भी प्रेरणा मिलता है। मुख्य वक्ता विधायक सरयू राय ने बच्चों की इस उपलब्धि को अपने जीवन में आगे तक बढ़ाने के लिए अपील की। एसडीओ पारुल सिंह ने अपने जीवन के घटनाओं को बताते हुए बच्चों को जो जीता वही सिकंदर वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए हर एक जगह पर सर्वोत्तम स्थान हासिल करने की प्रेरणा दी। मौके पर पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह, संरक्षक शिव शंकर सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, नंदकुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कई अहम जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह में क्षत्रिय समाज के 100 से अधिक बच्चों को सम्मानित और पुरष्कृत किया गया। वही दसवीं और बारहवीं के पचासी परसेंट से अधिक नंबर लाने वाले बच्चे व विशेष परीक्षाओं में उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को भी सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ उनके माता-पिता का भी सम्मान किया गया। साथ ही सभी इकाई के अध्यक्ष सहित संघ के संरक्षक, केंद्रीय इकाई के पदाधिकारी व युवा केंद्रीय इकाई के पदाधिकारी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मंजू सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला केंद्रीय इकाई सहित सभी इकाई की अध्यक्ष का सरानीय योगदान रहा।

# सेन्हा में हाथी दांत साबित हो रही है नल जल योजना



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** जिला के सेन्हा प्रखंड में बना नल जल योजना हाथी दांत साबित होता दिख रहा है। पूरे क्षेत्र में जहां ग्रामीण भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं वहीं सरकार द्वारा ग्रामीणों तक पेयजल आपूर्ति करने वाला हर घर नलजल योजना अपनी राह बदल ली है। मतलब इस योजना के उद्देश्य को इसके ठेकेदार खानापूर्ति कर भटका दिया है। कहीं पर काम मे बिपरीत दिशा में सोलर पैनल को रखना, खड़ा मीनार में पर्याप्त नट बोल्ट का नहीं लगाना, जिससे जलमीनार के बगल में रह है मकान मालिक का पूरा परिवार डरे सहमे रह रहे हैं। कार्य मे लगाया गया सामानों की गुणवत्ता में गड़बड़ी किया गया है। पाइप लाइन का कार्य मे ग्रामीणों को कार्य कर अपने मकान तक पानी लाने का दबाव दिया गया। जानकारी के अनुसार कार्य को देखकर मुखिया के द्वारा बैठक कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को जल्द ज्ञापन सौपे जाने की बात बतायी गयी है। इस पूरे प्रकरण में ठेकेदार द्वारा बारिश होने का इंतजार किया जा रहा है। जिससे कार्य को सफल दिखाकर पैसा की निकासी कर लिया जाय और इसका खामियाजा ग्रामीणों को झेलना पड़े।

# लोहरदगा: पेशरार बीडीओ की बेटी ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिले के नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की बेटी ने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पेशरार थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बीडीओ अजय कुमार तिर्की की बेटी तमन्ना झरना तिर्की (18 वर्ष) ने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या की है। घटना शनिवार देर शाम की बतायी जा रही है। हालांकि बीडीओ को शनिवार देर रात घटना की जानकारी मिली, जब वो अपने क्वार्टर लौटे। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पेशरार थाना को दी। सूचना पाकर पेशरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लोगों को इसकी जानकारी रविवार को हुई। बताया गया कि तमन्ना झरना तिर्की ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। तमन्ना किसी की शादी में अपने गांव गयी थी। जहां से वह तीन दिन पहले ही लौटी थी। इसी बीच शनिवार की देर शाम उसने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है। मामले में किस्को सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

घटना की पुष्टि करते हुए लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। यूडी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी कानूनी प्रक्रिया का सख्ती से पालन हो रहा है। पुलिस के प्रारंभिक अनुसंधान में प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला सामने आया है। वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हैंगिंग का मामला की पुष्टि हुई है।

इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर अस्पताल में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार के अलावे प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस के जवान पहुंचे थे।

# कुडू के रिहायशी इलाके में घुसा हाथियों का झुंड



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शनिवार की रात करीब 9 बजे कुडू शहर के बिल्कुल नजदीक रिहायशी इलाके बढनिया में दो दर्जन हाथियों के झुंड को पहुंचने से हड़कंप मच गया। कुडू रांची राष्ट्रीय राज मार्ग एनएच 75 के ढुलूवा खुटा पुलिया के पास से बढनिया की बढ़ रहे करीब दो दर्जन हाथियों के झुंड को मुहल्ले के इतने करीब पहुंचने की सूचना पर हाथियों को घरों से दूर रखने के लिए सभी ने अपने अपने घरों के बाहर आग जला दी और पठाका फोड़ना शुरू कर दिया। जिससे कुछ घंटो के लिए पूरे क्षेत्र में दिवाली जैसा नजारा हो गया। इधर कुडू के बढनिया, बाजार टांड़ और जामड़ी गांव के सैंकड़ो ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर हाथियों को खदेड़ दिया है। इस दौरान कई बार वे आक्रामक हुए और भीड़ को दौड़ाने का भी प्रयास किया। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता हासिल की। रविवार की सुबह तक हाथियों के झुंड को बारीडीह गांव के निचे टोंगरी में जमा होने की सूचना है।

# दुर्गा मंदिर में श्री रामलीला महोत्सव का समापन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापी दुर्गा मंदिर परिसर में श्री रामलीला महोत्सव का समापन हुआ। श्री रामायण प्रचारक मंडल काशी विंध्यक्षेत्र विंध्याचल, गड़बड़ा धाम, मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश के द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम बड़की चापी दुर्गा मंदिर में ग्राम वासियों के सहयोग से रखा गया। जिसमें धार्मिक कार्यक्रम हुआ। मौके पर स्थानीय लोगों ने तन, मन, धन से सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर मुख्य रूप से श्री रामायण प्रचारक मंडल के संचालक मुखलाल शुक्ला सहित रामलाल व्यास, सुरेश पाठक, संतोष तिवारी, रामकुमार, रोहित, राजकुमार, रवि शंकर, सुनील, शैलेंद्र के द्वारा श्री रामलीला का सजीव चित्रण किया गया। प्रतिदिन यह कार्यक्रम समय 7:30 बजे रात्रि से 10:30 बजे रात्रि तक दिखाया गया। भंडारे का प्रसाद का वितरण किया गया। लोगों ने रामलीला महोत्सव देखकर अपने आप को भगवान श्री राम के बताए हुए मार्गों पर चलने हेतु संकल्प लिए। इस मौके पर बड़की चापी दुर्गा मंदिर के पुरोहित अनूप देव पौराणिक के द्वारा आए हुए रामलीला महोत्सव के कलाकारों को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# बीजेपी को लाभ पहुंचाने वाले षड्यंत्रकारी ग्रुप कांग्रेस में सक्रिय: निशिथ जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत होने के बाद कांग्रेसी खेमा में हाय तौबा मचा हुआ है। कांग्रेसी नेताओं में आरोप प्रत्यारोप और अपने ही पार्टी के नेताओं का पुतला दहन करने का दौर चल रहा है। इस बीच जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष निशिथ जायसवाल ने बयान जारी कर कहा कि, जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में पिछले दिनों आलोक साहू की अगवाई में विरोध सभा आयोजित कर मुझ पर व्यक्तिगत टिप्पणी किया जाना मानसिक दिवालिया का परिचायक है। कहा कि, पिछले चुनाव में आधिकारिक रूप से बीजेपी के लिए काम करने वाले ग्रुप के लोग आज अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में मुस्लिम, दलित और आदिवासी में लगातार जुल्म किया गया। रामगढ़ और लातेहार में मुस्लिम समुदाय के युवाओं को बेरहमी से पीटा गया। सीएनटी, एसपीटी एक्ट में बदलाव कर आदिवासी भूमि की लूट की गयी। खूंटी में पत्थरगड़ी की आड़ लेकर हजारों आदिवासी पर देशद्रोह का मुकदमा डाला गय। इसके विरोध में आदिवासी मूलवासी, मुस्लिम और इसाई गोलबंद होकर सरकार के खिलाफ खड़े हो गये थे। राहुल गांधी और हेमंत सोरेन संघर्ष कर रघुवर सरकार को सत्ता से हटाया था। कहा कि, लोहरदगा में षड्यंत्रकारी शक्तियां जो पिछले चुनाव बीजेपी के पक्ष में खड़ी थी अब, वही शक्तियां कांग्रेस में घुसपैठ कर भ्रम फैलाकर बीजेपी को परोक्ष रूप से फायदा पहुंचाने की मनसा पाल रखी है। हालांकि, इसमें उन्हें कभी सफलता नहीं मिलेगी। कहा कि, कांग्रेस पार्टी ने चुनाव में जो टारगेट दिया था। उसे पूरा करने का ही परिणाम है कि, कांग्रेस प्रत्याशी इस सीट से अभूतपूर्व लीड कर जीत दर्ज किया है। इस सफलता से घबराकर कतिपय कांग्रेसी यूपीए की एकता को कमजोर कर फिर भाजपा का शासन लाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध काम करने वाले किसी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा। निशिथ जायसवाल ने कहा कि, आलोक साहू विगत 5 वर्षों में जिला कांग्रेस एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित कार्यक्रम में कभी भाग नहीं लिया। पर्दे के पीछे से कांग्रेस को तोड़ने का काम करता रहा। कहा कि, मेरा पूरा परिवार कांग्रेस की सेवा में समर्पित रहा है। बावजूद, व्यक्तिगत रूप से अपमानित करने के कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# लातेहार से दो बच्चों का 9-एक्सएम के फाइनल राउंड में हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार मुख्यालय दुर्गा मंदिर के बगल में देव डांस स्टुडियो लातेहार से चार बच्चों का ओडिशन द्वारा 'हुनर का मंच' शो में सलेक्शन हुआ जो कि 9 एक्सएम में प्रसारित किया जायेगा। जो बच्चे हुनर का मंच में पहुंचे उनका नाम नांव्या राजपुत, नंदिनी कुमारी, श्रृष्टि कुमारी एवं राज लोहरा है। उन्हें मेगा ऑडिशन के लिए उत्तराखण्ड के रूड़की सिटी में 9 जून 2024 को बुलाया गया था। हुनर का मंच मेगा ऑडिशन के सलेक्शन फाइनल दो बच्चो का राउण्ड के लिए दो बच्चे सलेक्शन हुआ उनका नाम नांव्या राजपूत एवं नदिनी कुमारी है। अब इन दोनों बच्चों को फाइनल राउंड के लिए बुलाया जाएगा।लातेहार में पहली बार बच्चों को डांस के क्षेत्र में हुनर दिखाने का मौका, मिल रहा है। दोनों के माता-पिता से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हमने कभी सपना में भी नहीं सोचा था कि मेरे बच्चे को टीवी शो के लिए चयन किया जाएगा। जब देव डांस स्टुडियो के कोरियोग्राफर देव मिश्रा जी से बातचीत किया गया तो उन्होंने कहा कि लातेहार के बच्चों में हुनर है बहुत है। पर उसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तो शुरूआत है। देव डांस स्टुडियो को लातेहार में खुले हुए महज चारे महीनें ही हुआ है। आने वाले समय में लातेहार के बहुत ही बच्चे ऑडिशन के द्वारा मेगा ऑडिशन में पहुंचेंगे। देव मिश्रा ने यह भी कहा कि माता -पिता अपने बच्ची का हुनर निखारने में भरपूर सहयोग कर रहे हैं चाहे वह कोई भी क्षेत्र में है। देव डांस स्टुडियो लातेहार में संपर्क कर सकते हैं। देव डांस स्टूडियो लातेहार के दुर्गा मंदिर से बाईपास की ओर जाने की ओर अमन मेडिको के प्रथम तल्ला अवस्थित है।

# पति की मृत्यु के सातवें दिन पत्नी की भी हुई मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** पति-पत्नी का रिश्ता सात जन्मों का होता है इस संबंध में बुजुर्गों के द्वारा कहा जाता है कि यह संबंध बना बनाया होता है और सात जन्मों तक चलता रहता है ऐसे ही एक घटना भडरा में हुआ। पति की मृत्यु की सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकने के कारण पत्नी की भी मृत्यु पति की मृत्यु के सातवें दिन हो गयी। एक सप्ताह पूर्व भंडरा निवासी मुनेश्वर साहू की मृत्यु हुई थी इसके ठीक एक सप्ताह बाद मुनेश्वर साहू की पत्नी शकुंतला देवी की मृत्यु रविवार सुबह हो गयी। डॉक्टर के अनुसार शकुंतला देवी की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हो गया। पति पत्नी दोनों की मृत्यु एक सप्ताह के अंदर होने से परिवार के लोगों के सामने दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। यह दंपति अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। यह दंपति एक दैनिक अखबार के संवाददाता संदीप गुप्ता के माता-पिता थे। इस दुख की घड़ी में पत्रकारों के द्वारा शोक संवेदना प्रकट किया गया। इसके साथ ही इस क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत, विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव, जिप सदस्य राजमनी उरांव, मुखिया परमेश्वर महली, सुमित उरांव, ईश्वरी मोहन शर्मा सहित अन्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

# गायत्री मंत्र का जाप कर गंगा दशहरा मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार अखिल भारतीय गायत्री परिवार के द्वारा प्रज्ञा कुंज चननंदीह में मनाया गया। जिसमें हवन पूजन कर गायत्री माता का मंत्र का जाप आहुति दे कर गंगा दशहरा का ही मनाया गया। आज ही के दिन सृष्टि का संचलन हुआ था। ब्रह्म ऋषि विश्वामित्र जी के द्वारा गायत्री साधक विश्वामित्र के जी के द्वारा तीशंकु को स्वर्ग भेजा गया था, सर शरीर। इन्होंने केतारी नारियल कसौली पान के पत्ता भैंस सहित कई चीज का इन्होंने सृष्टि किये थे। जिसको छठ पूजा में प्रसाद के रूप में लोग चढ़ाते हैं। सूर्य पूजा भी गायत्री पूजा है। गायत्री जी का पुत्र सूर्य है। उक्त बातें लव कुमार तिवारी ने बतायें परिवर्जक कौशल, शर्मा दिलेश्वर यादव, देवेंद्र प्रसाद, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, सुशीला साहू, वीरेंद्र प्रसाद, अनीता देवी, कांति देवी, पुष्पा देवी सहित कई परिजन इस कार्यक्रम में भाग लिए महाप्रसाद खीर का व्यवस्था पंकज पांडे के द्वारा किया गया था।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला बगीचा के समीप गांव में रविवार की सुबह एक युवक का शव परास के पेड़ पर गमछा के सहारे फांसी के फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बरवाडीह पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और हत्या- आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच में जुट गयी है। युवक की पहचान बेतला निवासी रब्बानी अंसारी के दामाद हबीब अंसारी सूआकोड़िया पलामू के रूप में हुई है। उधर परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत देकर कहा है कि हबीब अंसारी का पिछले कुछ महीनों से दिमागी संतुलन ठीक नही था और नशे का भी सेवन करता था। इस संबंध मे थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करने को लेकर लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण पर्व मनाने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा रविवार को संध्या करीब पांच बजे बकरीद पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बरवाडीह थाना परिसर से निकलकर बेतला पोखरी, सरईडीह व कुटमु चौक पर समाप्त हुई। उसके बाद बरवाडीह अम्बेडकर चौक होते हुए बाजार आदर्शनगर के बाद ग्रामीण क्षेत्र छेचा में भ्रमण करते हुए समाप्त हुई। इस दौरान एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया कि शांति व भयमुक्त वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन की टीम अलर्ट मोड में निगेहबानी में जुटी हुई है। कानून को हाथ में लेने वाले किसी असमाजिक तत्व को बख्शा नहीं जायेगा। रेलवे स्टेंशन बस पड़ाव व महत्वपूर्ण स्थानों की निगेहबानी की जा रही है। साथ ही देर रात्रि तक चलने वाले वाहनों व दोपहिया वाहनों का जांच किया जायेगा। वही दूसरी और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर सोशल मीडिया पर विशेष नजर है। किसी प्रकार के भ्रामक पोस्ट डालने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर व्यापक तैयारी की गयी है।

# बकरीद त्यौहार में शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने थाना प्रभारी राजा दिलावर के नेतृत्व में रविवार को संध्या बेला बकरीद पर्व को लेकर बारियातू व इटके में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बारियातू में फुलसु चारमोहान, बस स्टैंड, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, होते प्लस टू उच्च विद्यालय तक गया। उधर इटके ग्राम में इटके चार मोहान से प्रारंभ कर , मस्जिद टोला,बड़का टोला होते हुए पुरे गांव में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि शांति व भयमुक्त वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन की टीम अलर्ट मोड में जुटी हुई है। कानून को हाथ में लेने वाले किसी असमाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं लोगों को शांति व्यवस्था से त्यौहार मनाने का अपील किया। मौके पर पंसस मो होजैफा, मुखिया शांति देवी,इटके के सदर मो तौहीद आलम, मास्टर मुर्शिद, हाफिज शहाबुद्दीन, मो अजहर, थाना के द्वारिका नाथ पांडे, जितेंद्र कुमार, रितेश कुमार तिग्गा, धिरेन्द कुमार सिंह, बालेश्वर गंझु, नीरज कुमार दुबे सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# लोहरदगा में धूमधाम से मनाया गया गंगा दशहरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम दामोदर बचाओ आंदोलन, नेचर फाउंडेशन, देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट, युगांधर भारती एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नदी पूजन, हवन एवं आरती का आयोजन के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में लोहरदगा जिला रांची, जिला गुमला और लातेहार जिला के दर्शनार्थी चूल्हा पानी एवं लोहड़ी बाबा का दर्शन कर सैकड़ो लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू प्रवेश कुमार साव ने कहा कि स्वच्छ जल से ही स्वच्छ जीवन संभव इसे स्वच्छ बनाए रखें। ताकि आने वाला समय में यह धरोहर हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए काम आए। सचमुच में चूल्हा पानी दामोदर नदी का उत्सव स्थल का पानी अमृत समान है। यहां के जल को ग्रहण करने से सचमुच अमृत समान है। जिस तरह दामोदर नदी का जल झारखंड का सबसे प्रदूषित जल में आता था ठीक उसके विपरीत दामोदर नदी का उद्गम स्थल चूल्हा पानी का जल स्वच्छ और निर्मल अमृत के समान है। इस अवसर पर दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला संयोजक बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि अगर हमें जल को संरक्षण रखना है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे पेड़ों का को बचाना होगा तभी हमारा यह जल संरक्षण बरकरार रहेगा। सभी अपने एवं परिजनों के जन्मदिन पर एक-एक पेड़ लगाए। बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि विधायक जमशेदपुर पूर्वी सरयू राय जी के पहल से आज लोहरदगा जिला के सलगी पंचायत एवं के क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर सलगी पंचायत की मुखिया सुमित्रा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य सलगी बाबूलाल उरांव, पुरोहित भूपाल पाठक, विनोद सिंह, रामस्वारथ साहू, विपिन भारती, वीरेंद्र उरांव, जयनारायण प्रजापति, संजय चौधरी, सरजू साहू सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# तैलिक साहू समाज के जिला अध्यक्ष बने रंजीत

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार तैलिक साहू समाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव होटल कार्निवल जुबली रोड में रविवार को किया गया। सभापति राजेंद्र प्रसाद के सभापतित्व और पलामू प्रमंडलीय नेता रामदास साहू की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बीच जिला अध्यक्ष का के नाम की घोषणा की गयी। मंच का संचालन करते हुए कौशल किशोर मंटू ने विषय प्रवेश करवाया। प्रखंड अध्यक्षों के द्वारा पहले पंचायत, उसके बाद प्रखंड और बाद जिला कमेटी का चयन करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके बादर हंगामा शुरू हो गया। युवाओं का एक दल पहले जिला अध्यक्ष का चुनाव कराने पर आमादा हो गया। काफी हो हंगामा के बीच आठ उम्मीदवारों ने अपना जिला अध्यक्ष के पद पर उम्मीदवारी का दावा पेश किया। इनमें विवेकानंद प्रसाद, रामकुमार प्रसाद, देवानंद प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद ,जितेंद्र साह, पुरुषोत्तम साहू, मुंशी साव एवं रंजीत साहू का नाम शामिल है। हंगामे के बीच मुंशी साव और रंजीत साहू को छोड़कर बाकी सभी उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया। कार्यक्रम के दौरान मुंशी साव सभा कक्ष से निकाल कर चले गये। उसके बाद उपस्थित समाज के नेताओं ने निर्विरोध रंजीत साहू को लातेहार जिला अध्यक्ष के पद पर चयनित कर उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लातेहार के निवर्तमान जिला अध्यक्ष राम प्यारे प्रसाद, पलामू जिला अध्यक्ष ललन प्रसाद साहू, युवा प्रमंडल अध्यक्ष विशाल चंद्र उर्फ मिंकु, पवन प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, नेपाली साहू, प्रमोद प्रसाद, मनोज साहू समेत बड़ी संख्या में तेली साहू समाज के लोगों ने भाग लिया।

**मैने इस्तीफा नहीं दिया: रामप्यारे प्रसाद**

तैलिक साहु समाज के मौजूदा जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद ने कहा कि उन्होने अभी तक अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है तो फिर चुनाव क्यों कराया गया। अगर वे इस्तीफा दे देते और पद रिक्त रहता तो चुनाव कराया जाता तो समझ में आता। चलिए, चुनाव हो गया, लेकिन जब दो लोग अध्यक्ष पद के लिए खड़े थे तो फिर एक को कैसे चुन लिया गया। जब एक से अधिक उम्मीदवार थे तो वोटिंग कराया जाना चाहिए था। श्री प्रसाद ने इस चुनाव को मानने से इंकार कर दिया।

## दो बहनों की तालाब में डूबने से मौत



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत मुख्यालय के उत्तरी भाग पंचायत के शाही चट्टान गांव में दो संगी बहनों के डूबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार गुमला जिला अंतर्गत कोनबीर भंडार टोली निवासी जोहन कुल्लू की दो बेटी क्रमश 12 वर्षीय अलमा कुल्लू एवं 7 वर्षीय एंजेला कुल्लू छुट्टी में अपने नाना के घर पालकोट मेहमान आये थे और नहाने के लिए समीप के चेकडैम में गये थे उसी क्रम में दोनो बहन चेकडैम में नहाने के दौरान गहरे पानी मे चले गये ओर डूबने लगे। इसी बीच ग्रामीणों ने उन्हें डूबते हुए देखा और उन्हें पानी से निकाल कर पालकोट सामुदायिक केंद्र लाया गया लेकिन दुर्भाग्यवश रविवार को कोई भी चिकित्सक नही थे। जिसके कारण दोनो बहनों का इलाज उपस्थित नर्सों द्वारा किया गया। इलाज के क्रम में एंजेला कुल्लू की मृत्यु हो गयी। इधर बड़ी बहन अलमा की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए उंसके बेहतर इलाज हेतु परिजनों ने एम्बुलेंस को कॉल लगाया लेकिन एम्बुलेंस उपलब्ध नही होने के कारण विवश होकर निजी वाहन से अलमा को बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र में डॉक्टर के नही रहने और एम्बुलेंस नही मिलने से परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
लव कुमार चौधरी
थाना प्रभारी
तेतुलमारी, धनबाद

आजाद सिपाही उत्कर्ष का 9वां वर्ष
गौरवशाली 9वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए धन्यवाद
STG DECO JV
MINING & TRANSPORT CONTRACTOR
आकाश किनारी छाता बाद

आजाद सिपाही उत्कर्ष का 9वां वर्ष
गौरवशाली 9वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए धन्यवाद
DECO-AMPL-BKB (JV)
MINING & TRANSPORT CONTRACTOR
अंगार पथरा, धनबाद

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
सूरज महतो
भावी विधायक बाघमारा सह सुप्रीमो जन शक्ति दल

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
कारू यादव
समाजसेवी सह युवा झामुमो नेता खरखरी बाघमारा

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
बिशाल दास
बिधाता अंगार पथरा ओपी प्रभारी

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
मनोज जायसवाल
क्रेशर संचालक सह समाजसेवी, बसिया, गुमला

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
दीपक कुजूर
उपप्रमुख रायडीह

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
ममता सोरेंग
प्रखंड प्रमुख रायडीह, गुमला

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
बलासियुस लकड़ा
कनीय अभियंता, आरईओ, गुमला

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
राजेश कुमार
थाना प्रभारी जोगता धनबाद

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
बादल राम
समाजसेवी घाघरा, गुमला

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
रोशन कुमार उर्फ टिंकू
शिक्षक सह युवा समाजसेवी ग्राम बसिया, जिला गुमला

आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा
स्थापना दिवस
की
मुस्कान हॉस्पिटल की तरफ से आपको भूरी-भूरी प्रशंसा एवं हृदय से मंगल कामना
Muskan Hospital & Research Centre
जहां है मुस्कान वही हैं ज़िन्दगी आसान
Ram Nagar Colony Chas Bokaro Jharkhand
S -3, City Centre, Sec.-4, (Near Samarjit Gas) B.S.City Jharkhand

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर सभी पत्रकार बंधुओं को
"समाज को जागरूक और सशक्त बनाने में पत्रकारिता का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।"
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इंद्रजीत भारती
सचिव सह अविराम ए ग्रुप इंस्टीट्यूशंस
चंदवा हुटाप, टीको कुडू लोहरदगा, झारखंड

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर सभी पत्रकार बधुओ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रोहित यादव
समाज सेवी, चंदवा

सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है
आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही समूह से जुड़े सभी पत्रकारों व कार्यरत साथियों को हार्दिक बधाई
मो० मीनू
बालूमाथ लातेहार

## पिकअप वाहन के गड्ढा में गिरने से चालक घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सलाम नवा टोली मोड़ के समीप पिकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से पिकअप में सवार मनोज उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां घायलों का प्राथमिक उपचार चल रहा है। वहीं पिकअप में सवार अन्य चार लोग बाल बाल बच्चे घटना के संबंध में घायल मनोज ने बताया कि हम लोग बेरी टोली गांव में छठी समारोह के लिए टेंट लगाने गए थे जहां से लौट के क्रम में सलाम नवा टोली के समीप पिकअप वाहन का संतुलन बिगड़ा और पिकअप सड़क छोड़कर गड्ढा जा फंसा जिससे यह घटना घटी।

## बाइस पड़हा ग्राम सभा की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुदरा गांव में रविवार को बाईस पड़हा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में बाईस पड़हा के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा ग्राम सभा की शक्ति को संरक्षण प्रदान करने, सरकारी योजनाओं में ग्राम सभा की भागीदारी सुनिश्चित करने, कुछ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के मिलीभगत से ग्राम सभा की सहमति के बिना संचालित योजनाओं पर रोक लगाने, वर्तमान परिवेश में कुड़ुख-उरांव भाषा को बचाने के लिए सभी स्कूलों में पद सृजित करने,धुमकुडिया खोलने के लिए विशेष पहल करने, कम उम्र की आदिवासी मुलवासी बेटियों की विवाह रोकने, बाल विवाह के कारण समाज की महिलाओं व बच्चों का शारीरिक व मानसिक शक्ति व विकास छींन होने से रोकने, शादी-शुदा महिलाओं का मायके से जाति प्रमाण पत्र बनाने के नियम को खारिज करने के लिए आंदोलन करने सहित समाज के अनेक मुद्दों व विषयों पर चर्चा व निर्णय लिया गया। इस मौके पर पड़हा पदाधिकारी बिरसा उरांव,सुकरु उरांव,सोमा उरांव, मंगरा उरांव, जुब्बी उरांव, विजय दर्शन मिंज, सुखराम उरांव, सुकरा उरांव, जयराम उरांव, विन्देश्वर उरांव सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गयी। बैठक में बकरीद धूमधाम व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की बात थाना प्रभारी तरुण कुमार द्वारा कही गयी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी आपत्तिजनक मैसेज ना डालें। हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर है। वैसा कोई भी कार्य न करें। जिससे दूसरे के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे। प्रात: 7:30 बजे नमाज अदा मस्जिदों में करें। भाईचारगी के साथ पर्व को मनाए।इस मौके पर उपस्थित लोगों में थाना प्रभारी तरुण कुमार, एसआइ नागमणि सिंह, सुशित गोस्वामी, जलाल मिया, वाजिद राय, फिरोज खान, हदीस खान, इसराफील खान, गालीम खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## गायत्री जयंती के अवसर पर पंचकुंडीय महायज्ञ का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 16 जून 2024 दिन रविवार को गायत्री शक्तिपीठ गुमला में गायत्री जयंती के अवसर पर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन सुबह 9 बजे से किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्मदेव के द्वारा पूजन एवं हवन कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पंचकुंडीय यज्ञ-हवन का कार्यक्रम कराया गया। इसके पश्चात विभिन्न संस्कार भी उनके द्वारा कराया गया, जिसमें पुंसवन संस्कार- पूजा देवी, मुंडन संस्कार दिव्यांश शर्मा, गोदभराई दीपा देवी, दीक्षा संस्कार ललिता देवी, प्रेमलता देवी, देवंती देवी, बंधना गोप, अदिति आर्या जायसवाल, आरुष संस्कार जयसवाल,जय मंगल शर्मा को विधि विधान के साथ कराया गया। पूजन कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात उपस्थित सैकड़ो लोगों के बीच में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती देवी,बलदेव प्रसाद गुप्ता, प्रतिमा कुमारी, विमला जायसवाल, शिल्पा कुमारी, कैलाश बडाईक,प्रमोद सिंह सुनीता शर्मा, ज्ञानदीप सिंह, राधा देवी, दीपशिखा कुमारी, सोनी जायसवाल, हर्ष राज इत्यादि सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## सर्वेश्वरी समूह ने बुजुर्गों के बीच किया साड़ी और तौलिये का वितरण




**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह,गुमला के महिला संगठन द्वारा लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत पुन: एक कार्यक्रम का आयोजन रायडीह के सिलम में स्थित वृद्धाश्रम तथा नारी निकेतन में किया गया। संगठन की सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे पच्चीस असहाय महिला पुरुष बुजुर्गों के बीच नयी साड़ी तथा तौलिए का वितरण किया।इसके पश्चात संगठन की महिलायें नारी निकेतन पहुंचीं तथा वहां रह रही अनाथों और परित्यक्त महिलाओं का कुशल क्षेम जानने के बाद उन्हें नयी साड़ी और सलवार सूट आदि प्रदान किया। संगठन की नीता हरीतिमा द्वारा उन्हें सर्वेश्वरी समूह की सेवा कार्यवृत्त की जानकारी भी दी गई। साथ हीं उनके द्वारा सबों के अच्छे स्वास्थ की कामना करते हुए केन्द्र में मिलजुल कर पारस्परिक सहयोग की भावना रखते हुए रहने की नसीहत दी गयी। मौके पर महिला संगठन की नम्रता सिन्हा, गायत्री महापात्र, मीरा विश्वकर्मा, हेमलता यादव, नीलम केसरी, अनुप्रिया सिन्हा, मधु सिन्हा, नीलम सोनी, माया गुप्ता, बबीता गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, लिपिका नंद, मांडवी रानी, सुजाता, रुक्मिणी सिंह, अनीशा गुप्ता, कुमारी शाम्भवी सिन्हा तथा अनीता गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

# सिमडेगा में 154.91 किग्रा गांजा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिमडेगा।** नशा विरोध अभियान में सिमडेगा पुलिस को एक बड़ी सफलता कल मिली। गांजा का एक बड़ा खेप जो उत्तर प्रदेश/बिहार ले जाया जा रहा था, पुलिस ने धर दबोचा। इस संबंध में जिले के पुलिस कप्तान मिस्टर सौरव को जब इसकी गुप्त जानकारी मिली। वे फौरन हरकत में आये और एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर ऑपरेशन में लगा दिया। एसडीपीओ ने शहर की नाकाबंदी कर जगह जगह वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक सफेद रंग का इकोस्पोर्ट्स कार की जांच की गयी तो भरी मात्रा में बोरों में पैक किया हुआ गांजा बरामद किया गया। इस कार से डेढ़ क्विंटल से अधिक (154.91 किलोग्राम) गांजा मिला। एसपी ने बताया संलिप्त सभी चारों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शशांक मिश्र उर्फ. राहुल (उत्तर प्रदेश), उदय प्रसाद मेहता (हजारीबाग, झारखंड,), श्रद्धाकर नायक उर्फ. साधु दादा उर्फ. मुकेश,और सुदाम मल्लिक शामिल है।

# संस्कार भारती की बैठक में 21 को योग दिवस मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संस्कार भारती गुमला जिला इकाई की बैठक स्टार डीपीएस स्कूल के सभागृह में हुई।बैठक की अध्यक्षता संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष रामनरेश प्रजापति ने की। बैठक में सर्वप्रथम सभी ने संस्कार भारती के ध्येय गीत 'साधयति संस्कार भारती भारते नव जीवनम' का सामूहिक पाठ करने के पश्चात परिचय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी ने अपना अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए दायित्वों की जानकारी प्रस्तुत की, वहीं जिला अध्यक्ष रामनरेश प्रजापति ने संस्कार भारती के मुख्य उद्देश्य की जानकारी देते हुए कलाकारों, कला साधकों, लोक गीत गायकों, लोक कला के स्थापित कलाकारों एवं चित्रकला, भीति चित्रकला, संगीत संस्थाओं, कला, साहित्य, संस्कृति एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का विस्तृत अध्ययन कर उसका रूप रेखा तैयार करने के लिए कहा गया तथा निर्णय लिया गया कि 21 जून को राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्कार भारती जिला ईकाई के सदस्यों एवं पदाधिकारी सुबह 7 बजे स्टार डीपीएस स्कूल परिवार के साथ योग कर योग दिवस मनाया जायेगा। बैठक में संस्कार भारती के द्वारा सदस्यता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। इस बैठक में संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष रामनरेश प्रजापति, सचिव अनिकेत कुमार, कोषाध्यक्ष शिवम जयसवाल, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के संदीप कुमार, सुमित कुमार, सत्यनारायण सिंह, कैलाश नाग, हरिओम सुधांशु, मधुसूदन सिंह तथा आनंद किशोर पंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# श्रम मजदूरों के मामलों को लेकर मिशन बदलाव श्रम मंत्री को लिखेगा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के भूषण भगत सैयदा खातून,अनंत कुमार प्रमिला कुमारी के नेतृत्व में श्रम अधीक्षक और डीसी को मामलों को लेकर अवगत कराया गया पालकोट ढोलवीर के रहने वाले बेंजामिन सोरेंग चेन्नई जाने के क्रम में रेल हादसे से गिर गया और अभी तिरुपति के अस्पताल में उसका बॉडी अभी पड़ा हुआ है उसके मृतक शरीर को वापस लाने को लेकर उनके परिजन बहुत परेशान हैं। इन सभी मामलों को लेकर उन्होंने मिशन बदलाव से संपर्क किया मिशन बदलाव ने डीसी, आश्रम अधीक्षक को मामलों को लेकर अवगत कराया। श्रम अधीक्षक के नहीं रहने के वजह से मृतक शरीर को लाने के लिए जो सहयोग राशि सरकार के द्वारा प्रदत्त है वह सहयोग राशि समय पर नहीं मिल पाया। जिसके वजह से मृतक फैमिली अपने रिस्तेदारों एवं पड़ोसियों से पैसे लेकर शरीर वापस लाने के लिए तिरुपति चेन्नई निकल पड़े। आज मृतक के रिश्तेदार तिरुपति चेन्नई पहुंचकर बॉडी का पंचनामा, पोस्टमॉर्टम कर वापस आने की प्रक्रिया में होंगे, श्रम अधीक्षक को इन सभी मामलों को अवगत कराया था गया और मजदूर शाम समय तक श्रम कार्यालय में थे। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया कि श्रम अधीक्षक अभी तीन जिलों के प्रभार में हैं मिशन बदलाव ने सचिव और मंत्री को आग्रह किया और पत्राचार कर मामले गंभीरता से लिया जाये। इसको लेने आवेदन देगा, गुमला जिले में श्रम अधीक्षक दो जगह के चार्ज में होने के वजह से मजदूरों को जब कभी भी बॉडी लाने के लिए या अन्य मामलों को लेकर जब मजदूरों की जरूरत पड़ती है तो ऐसे भी मामलों में उनके सहयोग नहीं मिल पाता है इसका वजह से मजदूरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# किसानों के शोषण के विरुद्ध 26 से होगा चरणबद्ध आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के तत्वाधान में मनरेगा मजदूरों व किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यव्यापी झारखंड बचाओ अभियान के तहत गुमला कचहरी के पास एक महत्वपूर्ण बैठक शंकर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक शुरू करने के पूर्व कुवैत देश में अग्निकांड व कर्नाटक रेल दुर्घटना में मारे गए पालकोट प्रखंड के क्लामेंट सोरेंग सहित राज्य में दुर्घटना के शिकार सभी मृतक मजदूर के प्रति 1 मिनट मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की मेहनतकश विरोधी नीति के कारण मजदूर व किसानों का शोषण चरम पर है जिसे झारखंड नवनिर्माण दल बर्दाश्त नहीं करेगी। श्री सिंह ने राज्यव्यापी झारखंड बचाओ अभियान को गांव व शहर में ले जाते हुए प्रखंड मुख्यालयों में सरकार की लूटनीति के विरुद्ध आंदोलन करने तथा 28 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित झारखंड बचाओ महारैली में गुमला व लोहरदगा से हजारों की संख्या में रांची जाने की तैयारी करने की भी अपील की है। बैठक को प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन मजदूर का हक दे और मनरेगा में गड़बड़ी पर रोक लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई करे नहीं तो हजारों हजार मजदूरों को संगठित कर सरकार के विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मजदूर किसानों को संगठित करने के लिए गुमला व लोहरदगा जिला में ग्राम स्तर पर बैठक करने और प्रखंड समिति को मजबूत बनाते हुए जिला मुख्यालय गुमला में 26 जून 2024 को आयोजित चेतावनी धरना कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में भाग लेने, झारखंड बचाओ अभियान को जिले में युद्धस्तर पर आगे बढ़ाते हुए रांची में होनेवाली झारखंड बचाओ महारैली में 15 हजार लोगों को गुमला व लोहरदगा जिला से ले जाने के अलावे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

## गढ़वा की खबरें

# टीबी के सक्रिय खोज अभियान को लेकर स्वास्थ्य सहिया को दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** यक्ष्मा विभाग की ओर से टीबी मरीजों का सक्रिय खोज अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर श्री बंशीधर नगर स्थित ट्रामा सेंटर में स्वास्थ्य सहिया को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सुनील कुमार उपस्थित थे। इसमें स्वास्थ्य सहिया को टीबी से संबंधित सर्वे करने के तरीके एवं समय पर प्रतिवेदन भेजने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बता दें कि जिले में सात जून से टीबी का सक्रिय खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पूरे जिले में सहिया एवं यक्ष्मा विभाग की टीम घर-घर जाकर टीबी के लक्षण वाले मरीज का पता लगा रहे हैं। इस दौरान टीबी के संभावित लक्षण वाले रोगी को प्रयोगशाला में जांच कर इलाज प्रारंभ किया जाएगा। बताया जा रहा है कि विभाग द्वारा पहले टीबी का सक्रिय खोज अभियान सात जून से 20 जून तक संचालित किया जाना था और इसमें 15 प्रतिशत जनसंख्या को लक्षित किया जाना था। लेकिन बाद में राज्य मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में टीबी मरीजों का सक्रिय खोज अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा और इसमें संपूर्ण जनसंख्या को लक्षित किया जाएगा। यह अभियान राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। क्योंकि इसके माध्यम से पूरे जिले की संपूर्ण जनसंख्या का एक बार स्क्रीनिंग हो जायेगा। जबकि स्क्रीनिंग के पश्चात पाए गए संभावित रोगी की जांच एवं धनात्मक पाए जाने पर उनका इलाज होगा। इस अभियान के माध्यम से लोगों में टीबी बीमारी के प्रति जागरुकता आएगी। टीबी के लक्षण से लोग अवगत होंगे। इससे किसी संभावित को अस्पताल पहुंचाने में लोगों का सहयोग प्राप्त होगा तथा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रशिक्षण में सहिया, सहिया साथी, सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## ट्रेन हादसा में मृत युवक का शव पहुंचा गांव

**केतार (आजाद सिपाही)।** ट्रेन हादसा में मृत युवक विकास कुमार रजक पिता महेंद्र बैठा का शव शनिवार की देर रात अपने गांव केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर पहुंचते ही कोहराम मच गया।परिजन चीत्कार मारकर रोने लगे माहौल पूरा गमगीन हो गया।मृतक के घर लोगो का हुजूम लग गया।लोग परिजनों को ढाढस बढ़ाने लगे।रविवार को पंडा नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया।विदित है शुक्रवार की रात्रि इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह से यात्रियों में भगदड़ मचने के उपरांत ट्रेन से कूद कर इधर-उधर भागने के दौरान डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी के चपेट में तीन यात्रियों को आने से मौत हो गई थी। जिसमें दो मृतकों की पहचान डाल्टनगंज के बैरिया व रोहतास के हरिहरगंज के रूप में हुई थी।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकारायी, पांच घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के नौका गाँव निवासी व भंडरिया पंचायत के मुखिया बिनय सिंह अपने फेमली के साथ बिगनार कार से अपने निजी काम से डाल्टनगंज गए थे इधर बताया जाता है की डाल्टेनगंज नया ट्रैक्टर लेने गए थे ट्रैक्टर लेकर लौट के क्रम में गोदारमना भंडरिया मुख्य मार्ग के फारेस्ट डिपु के पास अपने बेगिनेर कर नियंत्रित होकर महुआ के पेड़ में टकर मार दिए टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कर में बैठे पांच लोग पूरी तरह से जख्मी हो गए जख्मी होने वाले में भंडारिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह मुखिया का बड़ा भाई ईश्वरी सिंह मुखिया का पत्नी अनीता देवी मुखिया का लड़का राजू सिंह यह सभी घायलों होगय घायलों को प्रशासन व आम जनता के सहयोग से भंडारिया रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर विजय रजक के द्वारा इलाज करते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है

# एसडीओ ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण, कर्मियों को लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा एवं जिला परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार ने रविवार को नगर ऊंटरी प्रखंड के चितविश्राम पंचायत के बम्बा व बरडीहा गांव में चल रहे मनरेगा योजना के कार्यों का स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरडीहा ग्राम में यदुनाथ चौधरी का कूप निर्माण,व बम्बा गांव में तीन टीसीबी योजना औचक निरीक्षण किया गया। इसमें यदुनाथ चौधरी के खेत में कूप निर्माण का गहराई के बारे में कनीय अभियंता से जानकारी लिया। साथ ही उन्होंने कूप निर्माण के लिए रखे गए घटिया किस्म के बालू को देख एसडीओ ने कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एस्टीमेट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं बम्बा गांव में गयासुद्दीन अंसारी के खेत में टीसीबी निर्माण,जक्मा बीबी के खेत मे टीसीबी निर्माण, कुर्बान अंसारी के खेत टीसीबी, नसीम अंसारी के खेत में टीसीबी और सेराज अंसारी के खेत में टीसीबी निर्माण का निरीक्षण किया। टीसीबी को देखकर एसडीओ ने उपस्थित कनीय अभियंता रणधीर कुमार पर भड़क उठे। उन्होंने कनीय अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए समय-समय पर योजना स्थल का निरीक्षण करने और कार्य के अनुसार भुगतान करने का निर्देश दिया। जांच के बाद एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत किया गया था कि बम्बा गांव में कई टीसीबी योजना में बिना कार्य किए ही पैसा का निकासी किया गया। उन्होंने कहा प्रथम दृष्टि योजना में उतनी गड़बड़ी नहीं है लेकिन कुछ तो गड़बड़ियां पाई गई है। उन्होंने कहा कि जांच कर दोषी के विरोध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गढ़वा के खिलाड़ियों ने कुल 11 मेडल जीते

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** हजारीबाग टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रथम रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीता जिसमे दो गोल्ड,तीन रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। मेडल प्राप्त करने वाले में अंजली कुमारी ,अनिमेष कुमार पांडेय, नीतीश कुमार मेहता, अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी, कार्तिक पाल और पलक भारती का नाम शामिल है। अंजली कुमारी दो रजत एक कास्य, अभिजीत यादव एक कांस्य, नीतीश कुमार मेहता एक गोल्ड, एक रजत, अनिमेष कुमार पांडेय एक गोल्ड, एक कांस्य, पलक भारती एक कांस्य, आयुषी कुमारी एक कांस्य, कार्तिक पाल ने एक कांस्य पदक हासिल किया। टीम के बेहतर प्रदर्शन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई देते होए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# समस्त रामगढ़ और हजारीबाग वासियों को



# आजाद सिपाही

के

## 9 वें स्थापना दिवस

पर सभी पत्रकार बंधुओं को

"समाज को जागरूक और सशक्त बनाने में पत्रकारिता का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान हैं।"




## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

निवेदक :

## कुमार अभिषेक

## चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पलामू पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

# झारखंड की गठबंधन सरकार बिजली पानी देने में पूरी तरह फेल : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पलामू सहित पूरे प्रदेश में बिजली और पानी देने में भी झारखंड की गठबंन सरकार फेल साबित हो रही है। केंद्र सरकार की नल-जल योजना का लाभ दिलाने में भी राज्य सरकार फेल हो गयी है। थोड़ा बहुत काम हुआ है, लेकिन उसकी भी स्थिति ठीक नहीं है। लोगों को पर्याप्त बिजली-पानी मिले, इसके लिए युद्धस्तर पर अभी भी कार्य करने की जरूरत है। बिजली नहीं मिलने के कारण व्यवसाय ठप है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पलामू का अधिकतम तापमान हर दिन 45 डिग्री को पार कर रहा है। ऐसे में एसी तक काम करना बंद कर दिया है। अधिकारियों से जब पूछा जा रहा है, तो वे सुधार


बाबूलाल मरांडी की फाइल फोटो।

करने की बात कहते हैं, लेकिन रिजल्ट नहीं नजर आता। अभी जो स्थिति है उसमें हर एक जनमानस तक बिजली और पानी प्राथमिकता के तौर पर मिलनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव में मिली हार और जीत की समीक्षा के लिए रविवार को डालटनगंज पहुंचे थे। यहां परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 400 सीटें लाने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ने पर विपक्ष ने दुष्प्रचार किया। खासकर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिगभ्रमित किया गया। बताया गया कि भाजपा यदि इतनी सीटें ले आयेगी, तो देश का संविधान बदल दिया जायेगा। उनके हक-अधिकार मारे जायेंगे। आरक्षण समाप्त हो जायेगा। इसका प्रभाव चुनाव में पड़ा और भाजपा को सीटें गंवानी पड़ी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान विधानसभा चुनाव की तैयारी पर भी चर्चा की गयी। बाबूलाल ने कहा कि जिस सीट पर लोकसभा चुनाव में जीत मिली है, वहां समीक्षा कर यह जानने की कोशिश की जायेगी कि और अधिक वोट मिल सकते थे या नहीं। जहां हार हुई है वहां यह जानने की कोशिश की जायेगी कि उम्मीदवार को वोट किन कारणों से नहीं मिले।

### चुनाव आयोग समीर मोहंती के पत्र की फॉरेंसिक जांच कराये

**बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस, झामुमो सहित इंडी एलायंस पर हमला बोला। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर मोहंती के पत्र जिसमे बूथों पर पैसे बांटने में हेराफेरी, लूट, भ्रष्टाचार की चर्चा है। इसकी फॉरेंसिक जांच कराकर सत्यता उजागर करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि समीर मोहंती ने झामुमो-कांग्रेस के नेतृत्व को पत्र लिखकर यह शिकायत की है कि उनके द्वारा बूथ खर्च के लिए प्रति बूथ दिये गये छह हजार रुपये में से कार्यकताओं तक चार हजार ही पहुंचे, बाकी प्रति बूथ दो हजार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। श्री मरांडी ने कहा कि एक लोकसभा क्षेत्र में औसतन दो हजार बूथ होते हैं। यदि प्रति बूथ 6 हजार रुपये का हिसाब किया जाये, तो वह एक करोड़ 20 लाख रुपये होता है। प्रति विधानसभा 25 लाख का हिसाब जोड़ा जाये, तो यह राशि भी डेढ़ करोड़ तक पहुंच जाती है। समीर मोहंती के पत्र से स्पष्ट है कि एक लोकसभा चुनाव क्षेत्र में तीन करोड़ से ज्यादा खर्च किये गये हैं, जबकि चुनाव आयोग द्वारा खर्च की निर्धारित सीमा 95 लाख ही है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, सांसद बीडी राम भी उपस्थित थे।**

# बेटियों पर भी भरोसा कीजिये, उन्हें आगे आने का अवसर दीजिये : अरुणा शंकर

## अधूरे पड़े समाज के भवन को पूरा कराना है : सतीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गंगा दशहरा पर रविवार को पलामू सौडीक समाज मेदिनीनगर की एक बैठक होटल ज्योतिलोक में हुई। जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सतीश साहू ने की। बैठक में डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र कई गणमान्य लोग पहुंचे थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर उपस्थित थी जिन्हें समाज की ओर से अध्यक्ष सतीश साहू एवं सतबरवा से आई भाजपा नेत्री प्रीति गुप्ता ने बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सतीश साहू ने कहा कि हमारे समाज के लोग शहर से लेकर हर छोटे से छोटे गांव में बसे हैं जो समाज की अर्थव्यवस्था बनाए रखने एवं कई लोगों को रोजगार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हमारे लोग जहां शहर में बड़े व्यवसायी के रूप में स्थापित हैं। डाल्टनगंज क्षेत्र में हमारे जाति की संख्या बढ़ते जा रही है क्योंकि प्रमंडल मुख्यालय होने के नाते दूर दराज से कई परिवार बच्चों को एजुकेशन,व्यवसाय करने के लिए तेजी से शहरी क्षेत्र में बस रहे हैं। सतीश साहू ने कहा कि 2017 में हम सभी ने केवल डाल्टनगंज, भंडारिया विधानसभा का सर्वेक्षण कराया था जिसका आंकड़ा लगभग 22 हजार से ऊपर था। आज की बैठक का मुख्य मुद्दा पलामू प्रमंडल के हर विधानसभा में बैठक कर अपनी जाति का



विधानसभा वार सर्वेक्षण कराना, अधूरे पड़े समाज के भवन को पूरा करना एवं समाज का मिलन समारोह करने के लिए विचार पर रखा गया है। वहीं, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हमारा समाज हर समाज के सुख दुख में बिना भेदभाव खड़ा रहता है। हमारा समाज रोजगार देता है हर वर्ग की जरूरत को पूरी की जाती है। आज उसी का नतीजा है हर समाज के लोगों ने मिलकर आपके समाज की बेटी को बिना किसी जाति भेदभाव किए शहर की प्रथम महापौर बना दिया। मैं अपने समाज के साथ-साथ दूसरे वर्ग का भी शुक्र गुजार हूं जिनके सहयोग से 62 वर्ष तक राज करने वाले चक्रव्यूह को तोड़ सकी। प्रथम महापौर ने कहा कि अपने समाज के लोग सिर्फ लड़कों पर ही नहीं अपनी बेटियों पर भी भरोसा कीजिए। उनको पढ़ाई के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी आगे आने का मौका दीजिए अब तो सरकार भी राजनीतिक क्षेत्र में 33 प्रतिशत महिला बिल पास कर दिया है। लोकसभा से लेकर विधानसभा तक महिलाएं अपनी बातें प्रमुखता से रख रही हैं। वहीं, संस्था के संरक्षक आनंद शंकर ने कहा कि समाज के भवन का निर्माण जल्द पूरा करें। मेरी जहां भी सहयोग की आवश्यकता हो मेरा परिवार आगे रहेगा। बैठक में संजय प्रसाद, अनिल गुप्ता सलतुआ, संदीप प्रसाद सतबरवा, संतोष गुप्ता, मनोज जी चैनपुर, शशि प्रसाद सोहसा, मिथिलेश प्रसाद गुप्ता, रूपेश कुमार, सिंधु गुप्ता, प्रोफेसर विजय गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद, अवध प्रसाद, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, अखिलेश प्रसाद अधिवक्ता सत्येंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि एक माह के अंदर अपने समाज की जनसंख्या सर्वेक्षण के बाद एक बड़ी बैठक कर हर पार्टी से हर विधानसभा में अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखेगा। बैठक का संचालन संजय गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन राधेश्याम प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक में चैनपुर, शाहपुर, सतबरवा, पोलपोल, मेदिनीनगर, भंडारिया, बरगढ़ और रामगढ़ से काफी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद थे।

## नाबालिग के हत्यारों को पकड़वाने वाले को एक लाख का इनाम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या का प्रतिवाद करते हुए क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार उर्फ बीनू सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन से अविलंब हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को जबतक सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने हत्यारों को पकड़वाने वालों को एक लाख रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की है। जानकारी के अनुसार नबीनगर की नाबालिग लड़की 11 जून को घर से कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन, वापस नहीं लौटी। लापता होने के तीन बाद नाबालिक का शव पुलिस ने बरामद किया। लड़की की मां ने बेटी की सहेली, उसकी मां और बगल गांव के एक युवक पर अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया है। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि नबीनगर की घटना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने वहां के जिला प्रशासन से मांग की कि बेटी की हत्या की घटना में शामिल अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।**

# एमएमसीएच परिसर में सक्रीय बिचौलियों के विरुद्ध की जाये कड़ी कार्रवाई : डीसी

## लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्रीन हॉस्पिटल के रूप में उन्नत करने का निर्देश

**डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कहा कि प्रायः ऐसी शिकायतें मिल रही है कि एमएमसीएच या अन्य सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आनेवाले मरीजों को एमएमसीएच के आसपास सक्रीय बिचौलियों द्वारा निजी अस्पताल में इलाज को जाने के लिये प्रेरित कर रहें हैं। इस कार्य को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके अलावे अगर इस कार्य में कोई सरकारी डॉक्टर की भूमिका पायी गयी तो उनके विरुद्ध भी सीधी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने डीडीसी को एमएमसीएच में कार्यरत चिकित्सकों का रोस्टर बनाने,




कौन होम गार्ड की तैनाती कहां है इसका आकलन करने का निर्देश दिया। उन्होंने पीएम-एबीएचआईएम एवं 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे निर्माण की भी समीक्षा की। इस दौरान कहा कि तय समय सीमा के अनुसार जो संवेदक कार्य पूर्ण नहीं किये हैं उसे काली सूची में डालने की बात कही। उन्होंने नगर आयुक्त को सभी पुराने भवनों को डीमोलिश करने की बात कही।

वहीं, बैठक में उन्होंने विभिन्न बिंदुओं को लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा की। लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्रीन हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। कहा कि पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सोलर आधारित एनर्जी पर क्रियान्वित किया जासके इसके लिये योजना बनाएं।

### आयुष्मान का कवरेज बढ़ाने का निर्देश

उन्होंने सिविल सर्जन व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर को जिले में आयुषमान भारत का कवरेज बढ़ाने की दिशा में योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने डॉक्टर मैनेजमेंट सेल, एचआर सेल, प्रशिक्षण सेल, स्टोर सेल, मशीनरी सेल, वैक्सीनेशन सेल,पीएसए प्लांट सेल आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त,सिविल सर्जन समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा रामघाट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे अधिवेशन का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। मुख्य जजमान संतोष प्रसाद उनकी पत्नी और रितेश प्रसाद को यज्ञाचार्य वाचस्पति शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञमंडप में पूजा अर्चना करवाया। जल यात्रा रामघाट से शुरू होकर रांची रोड होते हुए बांके बिहारी मंदिर पहुंची जहां संकल्प के बाद मंदिर के संचालक सुनील मिश्रा ने मुख्य जजमान और सभी कलशधारियों को अपने हाथों से कलश में जल भर कर रवाना किया। इसके बाद कलश यात्रा मेलाटांड़, मस्जिद मोहल्ला, महावीर चौक होते हुए



पुनः जग मंडप पहुंची जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश की स्थापना की गई। जल यात्रा में श्री राम सेना के सदस्यों का अहम योगदान रहा। उनके द्वारा अशोक मिस्त्री के घर के पास सड़कों पर बह रहा नाली का पानी को नाली साफ कर हटाया गया, ताकि कलश यात्रा को जाने में परेशानी ना हो। यज्ञ समिति के अध्यक्ष निर्दोष प्रसाद ने बताया कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का यह दूसरा अधिवेशन है जो 5 दिनों तक चलेगा। दिन में जग मंडप की परिक्रमा और रात्रि में मिजार्पुर से चलकर आए कथावाचक धर्मराज शास्त्री द्वारा कथा सुनाया जाएगा, साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया है।मौके पर श्रवण गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, उमेश कुमार, ददन प्रसाद, बलराम विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, विजय प्रसाद आदि थे।

# बकरीद को लेकर पांकी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** बकरीद पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर रविवार को पांकी पुलिस ने ओमप्रकाश साह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। जो कपूरी चौक से शहीद भगत सिंह चौक राहेवीर पहाड़ी मंदिर कादरी मुहल्ला और बाजार का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे ओमप्रकाश साह ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाये। शांति वयवस्था में खलल डालने वालों को पुलिस चिन्हित कर कार्रवाई करेंगी।



# बंशी बीघा मोड़ के समीप सड़क पर बह रहा नाली का पानी, लोग परेशान

**समाजसेवी ने की एसडीओ व कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर समस्या के निदान की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के जपला-पथरा रोड के बंशीबीघा के समीप सड़क पर जल जमाव व नाले से बहते गंदा पानी से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उस रास्ते से आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं सहित सभी लोग परेशान है। वहीं, सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण के कारण दिन पर दिन रास्ते की चौड़ाई कम होती जा रही है। इस संबंध में हुसैनाबाद प्रखंड के बेनी कला गांव निवासी समाजसेवी मनीष



कुमार सिंह ने हुसैनाबाद एसडीओ व नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर उक्त समस्या के निराकरण कि मांग की है। पत्र में कहा कि जपला-पथरा सड़क हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पिपरा व हरिहरगंज को जोड़ती है। जनहित में यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है जो दो प्रखंडो की घनी आबादी को लाभान्वित करती है। लेकिन सड़क किनारे मवेशी बांधने व नाली का गंदा पानी बहाने से स्थिति नारकीय हो गई है। उन्होंने नाली संबंधित समस्या का निदान करते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

# स्पोर्ट्स



**ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को टी-20 के खेले गए मुकाबले में स्कॉटलैंड को हरा दिया। इसका लाभ इंग्लैंड की टीम को मिला और वह सुपर-8 में पहुंच गयी। वहीं, पहली बार अमेरिका और अफगानिस्तान की टीम सुपर-8 में पहुंची है।**

## आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप : अगले राउंड की 7 टीमें तय, नीदरलैंड को बड़ी जीत की जरूरत

# ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को हराया, सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को स्कॉटलैंड को हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड को सुपर-8 का टिकट मिल गया। बेहतर रनरेट के कारण ग्रुप बी के सभी मैचों के बाद इंग्लैंड दूसरे नंबर पर रहा, जबकि स्कॉटलैंड ने तीसरे स्थान पर फिनिश किया। ग्रुप स्टेज के 40 में से 35 मैच खत्म हो जाने के बाद सुपर-8 की 7 टीमें तय हो चुकी हैं। अमेरिका और अफगानिस्तान ने पहली बार सुपर-8 राउंड में जगह बनाई है। वहीं, अगले राउंड की एक टीम तय होना बाकी है, यह टीम ग्रुप-डी से क्वालिफाई करेगी, इसके लिए नीदरलैंड और बांग्लादेश दावेदार हैं। नीदरलैंड को क्वालिफाई करने के लिए बड़ी जीत के साथ ही बांग्लादेश की हार की कामना करनी होगी।



बतातें चलें कि शनिवार-रविवार की रात इंग्लैंड और नामीबिया के बीच ग्रुप-बी का मैच खेला गया। बारिश के कारण 10-10 ओवर के मुकाबले को इंग्लैंड ने डीएलएस मेथड से 41 रन से जीत लिया। इससे इंग्लैंड के 4 मैचों में 2 जीत, एक हार और एक बेनतीजा मैच से 5 पॉइंट्स हो गए। स्कॉटलैंड के 4 मैचों में 5 ही पॉइंट्स थे, लेकिन इंग्लैंड का रन रेट उनसे बेहतर था। ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को हरा दिया और इंग्लैंड दूसरे नंबर पर ही बना रहा, जिस कारण उसे सुपर-8 का टिकट मिल गया।

### 19 जून से शुरू होगा सुपर-8 स्टेज

दो जून से शुरू हुए टी-20 वर्ल्ड कप का पहला राउंड यानी ग्रुप स्टेज 18 जून तक खेला जाएगा। वेस्टइंडीज-अफगानिस्तान के बीच आखिरी मैच होगा। जबकि 19 जून से सुपर-8 स्टेज शुरू होगा, ग्रुप-2 में अमेरिका और साउथ अफ्रीका के बीच पहला मैच खेला जाएगा। 20 जून को ग्रुप-1 का पहला मैच होगा, अफगानिस्तान और भारत बारबाडोस में आमने-सामने होंगे। सुपर-8 स्टेज में 25 जून तक 12 मैच खेले जाएंगे, दोनों ग्रुप में 6-6 मैच होंगे।

### ग्रुप-2 की चारों टीमें तय

**ग्रुप-2 की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। ग्रुप-ए से अमेरिका, ग्रुप-बी से इंग्लैंड, ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज और ग्रुप-डी से साउथ अफ्रीका ने जगह बनाई। इंग्लैंड ने रविवार को ही सुपर-8 में क्वालिफाई किया, टीम का पहला मकाबला 20 जून को होम टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा।**

### सुपर-8 में ऑस्ट्रेलिया से भी भिड़ेगा भारत

आइसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही तय कर दिया था कि सुपर-8 में कौन सी टीम किस ग्रुप में रहेगी, ताकि शेड्यूलिंग में दिक्कत न हो। अब तक 7 टीमों ने सेकेंड राउंड में जगह बनाई हैं, इनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ग्रुप-1 में हैं। भारत 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। ग्रुप-1 की चौथी टीम ग्रुप-डी से आएगी। इसके लिए बांग्लादेश और नीदरलैंड दावेदार हैं, इनमें भी बांग्लादेश के क्वालिफाई करने के चांस ज्यादा हैं। अगर ऐसा हुआ तो बांग्लादेश और भारत का मैच 22 जून को खेला जाएगा।

# जनहित में कार्य करना मेरी प्राथमिकता : अनूप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने रविवार को विधायक मद से जरीडीह प्रखंड में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें गांगजोरी पंचायत बारहमसिया स्थित नुतन बांध में दोनों तरफ दो छठ घाट का निर्माण कार्य शामिल है। जिसकी लागत चार लाख रुपए आयोगी। वहीं, बारू पंचायत बारू नया कब्रिस्तान में दो लाख रुपये की लागत से एक शेड़ का निर्माण होगा। बारू पंचायत बारू नुरी जामा मस्जिद इमाम बाड़ा चौक के जमीन पर 420 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जो चार लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित होगा। वहीं, ओरियंटल पब्लिक स्कूल से लेकर लखीराम मांझी के घर तक लगभग 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य शिलान्यास किया।

### सीएम ने भद्रक के बाबूली बारिक को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया

# मुख्यमंत्री राहत कोष से 30 हजार रुपये देने का आदेश दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भद्रक जिला प्रशासन को भद्रक जिले के बाबुली बारिक को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भद्रक जिले के चांदबाली माधपुर गांव का 14 वर्षीय लड़का बाबुली बारिक न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं से पीड़ित है। गरीब परिवार का बाबुली इलाज कराने में सक्षम नहीं था। विभिन्न सोशल मीडिया और अन्य मीडिया से इसकी जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को बाबुली को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। साथ ही उनके परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मेडिकल टीम बाबुली के गांव पहुंची और उनके स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आगे के इलाज के लिए उन्हें कटक एससीबी मेडिकल ले जाने की व्यवस्था की गयी है। जिला प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए बाबुली के परिवार के संपर्क में है।

# मंत्रिमंडल में विभागों का हुआ बंटवारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य में नवगठित भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों को विभागों के आवंटन को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। शनिवार शाम को मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिए गये हैं। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के पास गृह और वित्त मंत्रालय के साथ-साथ सामान्य प्रशासन तथा जन शिकायत, सूचना और जनसंपर्क, योजना और संयोजन के साथ वे सभी मंत्रालय होंगे, जिन्हें किसी को आवंटित नहीं किया गया है। उप-मुख्यमंत्री केवी सिंहदेव के पास कृषि व किसान सशक्तिकरण और ऊर्जा विभाग हैं। इसी तरह से उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा के पास





महिला व बाल विकास, मिशन शक्ति और पर्यटन मंत्रालय हैं। कैबिनेट मंत्रियों में सुरेश पुजारी के पास राजस्व और आपदा प्रबंधन, रविनारायण नायक के पास ग्रामीण विकास, पंचायतीराज और पेयजल विभाग, नित्यानंद गंड के पास स्कूल और जनशिक्षा विभाग, एसटी एंड एससी विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण विभाग हैं। कृष्ण चरण पात्र को खाद्य आपूर्ति व उपभोक्ता कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मिले हैं। पृथ्वीराज हरिचंदन को कानून, कार्य और आबकारी विभाग मिले हैं। डॉ मुकेश महालिंग को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, संसदीय मामले, इलोक्ट्रिनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मिले हैं। इसी तरह विभुति भूषण जेना को व्यापार और परिवहन, स्टील और खान विभाग मिले हैं। डॉ कृष्ण चंद्र महापात्र को आवास और शहरी विकास तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग मिले हैं। इसी तरह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गणेश राम सिंह खुंटिया को जंगल, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, श्रम तथा कर्मचारी बीमा विभाग। सूर्यवंशी सूरज को उच्च शिक्षा, खेल और युवा सेवाएं तथा उड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग मिले हैं। प्रदीप बलसामंत को समबाय और हथकर्घा, वस्त्र और हस्तशिल्प विभाग मिले हैं। गोकुलानंद मल्लिक को मत्स्य और पशु संसाधन विकास तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग तथा संपद चंद्र स्वाईं को उद्योग और कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा विभाग मिले हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंत्रियों को विभाग आवंटित करने के बाद नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई दी।























































### धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर आयोजित

# 4 विचाराधीन बंदी हुए रिहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झालसा के निर्देश पर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के आदेशानुसार रविवार को धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला और न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह की उपस्थिति में मंडल कारा पाल दिनेश वर्मा द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया गया। जिसमें बंदी मनोज कर्मकार, नरेश तूरी, पन्नू रजवार, बसंत माली को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला और न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह की अदालत से रिहा कर दिया गया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी ने बंदियों के बीच कानून की विभिन्न जानकारी दी। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, स्वाति कुमरी, सहायक अरविंद कुमार, सौरव सरकार, अरूण कुमार पीएलवी उज्जवल कुमार और शिबू आदि उपस्थित थे।



धनबाद कारा मंडल में आयोजित जेल अदालत में उपस्थित डालसा के प्रदिनिधि।

# गलतियों को सुधार कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटना होगा : लक्खी सोरेन

### धनबाद-गिरिडीह लोस चुनाव परिणाम को लेकर झामुमो धनबाद जिला समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत डाक बंगला परिसर में रविवार को झामुमो धनबाद जिला समिति की समीक्षा बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन और संचालन जिला सचिव मन्नु आलम ने किया। बैठक में धनबाद व गिरिडीह लोकसभा चुनाव के दौरान सभी विधानसभा के पंचायत स्तर पर मिले मतों की समीक्षा कि गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कहा कि पूरे जिले में झामुमो का प्रदर्शन अच्छा रहा हैं। टुंडी विधानसभा में हमलोग विपक्ष से अधिक मत प्राप्त किए हैं। सिंदरी एवं निरसा विधानसभा में 2019 के मुकाबले इस बार अधिक मत प्राप्त हुआ हैं। निश्चित तौर पर कुछ चूक हुई हैं जिसे हम सभी को मिलकर सुधार करने कि आवश्यक हैं। वहीं, जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले हमारा वोट प्रतिशत दोगुणा बढ़ा हैं। हम सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम किया हैं। उसी का नतीजा है सिंदरी एवं निरसा विधानसभा में पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले अधिक वोट मिला। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक रणनीति के साथ बूथ स्तर पर हमारी तैयारी जल्द शुरू होगी एवं पुनः राज्य में महागठबंधन की सरकार का गठन होगा। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, जिला सह सचिव एजाज अहमद, फुलचंद किस्कू, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाम कुरैशी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर अंसारी, किसान मोर्चा महावीर महतो, बरलियापूर प्रखंड अध्यक्ष सूरजकांत सोरेन, सचिव गोउर मंडल, निर्मल रजवार, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू, गोविन्दपुर प्रखंड अध्यक्ष अताउल्ला अंसारी, उपाध्यक्ष मोकिम अंसारी, सचिव पारस हांसदा, तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष लालचंद महतो, कुण्डी प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की, पूर्वी टुण्डी प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, निरसा प्रखंड अध्यक्ष लखींदर मरांडी आदि मौजूद थे।



झामुमो धनबाद जिला इकाई की समीक्षा बैठक में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण।

## ब्रह्मकुमारी राजयोग शिविर का समापन

**ललपनिया (आजाद सिपाही)। ब्रह्माकुमारी राजयोग शिविर रविवार को आरती, हवन और महा प्रसाद वितरण के साथ संपन हुआ। पांच दिवसीय योग शिविर गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरूडीह पंचायत स्थित भगत अहरा में बारह ज्योतिर्लिंग मेला एवं ब्रह्माकुमारीज शिविर में ब्रह्माकुमारी सुचिता बहन की अगुवाई में 12 से शुरु हुआ था। ब्रह्माकुमारी सीरियल एवं 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन मेला के अंतिम दिन हवन कुंड में लोगो ने अपनी विकारो की आहूति दी और सभी ने ब्रह्माकुमारीज के विचारों को अपने जीवन में अनुसरण करने की शपथ ली। गोमिया के यूवा सोशल एक्टिविस्ट अमर सोनी ने महा आरती में शामिल होकर मंत्र उच्चारण के साथ ब्रह्माकुमारी के विचारों को आगे बढ़ाने की बात कही। कहा कि ब्रह्मकुमारी के विचार ही संसार में शांति ला सकती है।**

# शिविर लगाकर बीडीओ और सीओ ने मौके पर निष्पादित किये दर्जनों मामले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कसमार।** प्रखंड कार्यालय में रविवार को विशेष शिविर का आयोजित हुआ। जिसकी अगुवाई बीडीओ अनिल कुमार एवं सीओ सुरेश कुमार ने किया। इस दौरान दर्जनों मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला। शिविर में उपस्थित लोगों के बीच क्रमवार बीडीओ-सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारियों ने समस्या सुनी। विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नये आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड में सुधार, नया बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड का बैंक खाता से मैपिंग करने, सुकन्या योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, एसएचजी बैंक क्रेडिट लिकेंज, मनरेगा जाब कार्ड, मनरेगा के तहत आधार सिडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, राशन कार्ड में नाम सुधार, राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने, अबुआ आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), बैंक केवाइसी, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, कृषि यंत्र योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। कई आवेदनों का मौके पर ही निष्पादित किया गया। जबकि कई आवेदनों को क्रमवार अहर्ता अनुरूप निष्पादित किया जाएगा।



## जमुआ में शोभा की वस्तु बनी वाटर एटीएम



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जमुआ प्रखंड परिसर में 29 मार्च 2022 को वाटर एटीएम का निर्माण कराया गया था, ताकि यहां आने वाले लोगों की प्यास बुझाई जा सके। लेकिन प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आने वाले पदाधिकारी-कर्मी समेत आम लोगों की प्यास इससे बूझ नहीं रही है। वर्तमान में यह वाटर एटीएम महज शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। जानकारी के अनुसार गिरिडीह एनआरइपी के तहत ब्लॉक में आरओ वाटर एटीएम लगायी गयी थी। 10 लाख 60 हजार रुपये की लागत से निर्मित वाटर एटीएम योजना का निर्माण श्री राम इंटरप्राइजेज ने किया था. जो दो साल में ही खराब हो गया। ऐसे में वाटर एटीएम सेंटर बंद देख लोग बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हैं। विदित हो कि यह महत्वाकांक्षी योजना है। पर संवेदक की मनमानी के कारण पूर्णतः बंद है। बताया जा रहा कि वाटर एटीएम के लिए संवेदक द्वारा बोरिंग भी नहीं करायी गयी गयी है। संवेदक ने ब्लॉक की ही बोरिंग से कनेक्शन कर खानापूर्ति करवा दी। इस बंद वाटर एटीएम की ओर ना तो पदाधिकारी का कोई ध्यान है और ना ही किसी जनप्रतिनिधि का। इस क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने गिरिडीह डीसी से उक्त वाटर एटीएम को चालू करवाने की मांग की है।

# गिरिडीह लोस चुनाव में हार को लेकर कांग्रेस की समीक्षा बैठक

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** शोमुवा के संडेबाजार स्थित प्रधान कार्यालय में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने की। जिसमें गिरिडीह लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम अपेक्षित नहीं आने पर बिंदुवार समीक्षा की गई। इस बात पर नाराजगी व्यक्त की गई कि आइएनडीआइए गठबंधन के बीच समन्वय कायम नहीं रहने के कारण साथ चुनाव लड़ने के बावजूद बूथ प्रबंधन की कमजोर स्थिति और प्रत्याशी के साथ साझा कार्यक्रम के अभाव के कारण हार हुई। गई। इस अवसर पर सुबोध सिंह पवार और वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पिछली गलतियों से सीख लेकर झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए आइएनडीआइए गठबंधन को मजबूत करने की जरूरत है। बैठक में जयनाथ तांती, पम्मी सिंह, ज्योति कुमारी, सोनी कुमारी, शेर मोहम्मद, पीर बख्श, रफीक अंसारी, हरिमोहन सिंह, राकेश नायक, राजेश पासवान, उज्ज्वल चक्रवर्ती, तापस रॉय, अविनाश सिन्हा, इंदरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, जितेंद्र पासवान, रतन निषाद, गणपत रविदास, विनोद राम, सत्येन्द्र रविदास, प्रमोद पासवान, इंद्रदेव पासवान आदि उपस्थित थे।



# लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा: ढुल्लू महतो



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो का बोकारो विधानसभा क्षेत्र के कोऑपरेटिव मंडल के दूंदीबाद में नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह ने की। नागरिकों ने सांसद ढुल्लू महतो को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बतातें चलें कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा को अधिकतर बूथों पर जीत मिली है। झारखंड के पहला विधानसभा जहां सर्वाधिक मत एक लाख 67 हजार से भी अधिक भाजपा प्रत्याशी को मिला। बोकारो के सभी 9 मंडलों में भाजपा ने सभी छह विधानसभा में सबसे अधिक मतों से लीड दिला कर ढलुलू महतो की जीत में अहम योगदान दिया। वहीं, सांसद ढुल्लू महतो ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि आपने जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने को भरपूर प्रयास करूंगा। दून्दीबाद का चौमुखी विकास करूंगा। हर जरूरी सुविधाओं से इस क्षेत्र का विकास करूंगा। कहा कि बहुत जल्द बोकारो विधायक के प्रयास से यहां रोड की अनुशंसा हुई थी उसका शिलान्यास होगा। मैं 24 घंटे लोगों की सेवा में तत्पर रहूंगा। वहीं, बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने दून्दी बाद की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होनें कहा कि आपके विश्वास से ही आज धनबाद में लगातर चौथी बार कमल खिला है। यह क्षेत्र हमेशा भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर भाजपा नेता निवारण प्रसाद महतो, मनोज सिंह, देव शंकर वर्मा, शंकर गुप्ता, प्रभुनाथ शाह, नीरज ठाकुर, नवीन कुमार, कमलेश सिंह, चंद्रबली सोनकर, राजेश कुमार, प्रहलाद प्रसाद वर्मा, जिला के महामंत्री संजय त्यागी, वरीय उपाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कमलेश राय, कार्यालय मंत्री इंद्र कुमार झा, हरला मंडल के अध्यक्ष विनय किशोर, कोऑपरेटिव मंडल के महामंत्री जितेंद्र साव, वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश चटर्जी, उपाध्यक्ष सुमंत सिंह, राजू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# फर्जीवाड़ा कर किसानों की जमीन हड़पने का आरोप, माले का विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड में भू माफियाओं का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि अब वे अंचल कार्यालय से साठगांठ और फजी्रवाड़ा कर गलत वंशावली व एलपीसी बनवाकर किसानों की जमीन रजिस्ट्री करवाने लगे हैं। उक्त बातें भाकपा माले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कही। वे रविवार को करमाटांड़ गांव में पीड़ित किसानों के साथ आयोजित एक बैठक में आवश्यक जानकारी लेने के बाद कही। बैठक में मौजूद झामुमो नेता सह स्थानीय मुखिया दशरथ किस्कू ने भी जिला प्रशासन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही ऐलान किया कि किसान जान देकर भी अपनी जमीन की रक्षा करेंगे। इस इस मामले में माले नेता ने किसानों से मिली जानकारी और दस्तावेजों के आधार पर बताया कि गांडेय थाना नंबर 423 अंतर्गत मौजा करमाटांड़ में खाता नंबर 01, प्लॉट नंबर 152, 153, 149, 148 से संबंधित कुल जमीन में से 5.04 एकड़ जमीन गलत एलपीसी और गलत वंशावली बनवाकर रजिस्ट्री करवा दी गई है। जानकारी मिलने पर असल भू-स्वामियों द्वारा अंचल कार्यालय में इसकी शिकायत कर आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने की अपील की गई। साथ ही गांडेय थाना और गिरिडीह डीसी को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है। इस मौके पर रोहित यादव, नुनुलाल महतो, गोवर्धन यादव, प्रमोद यादव, सुरेंद्र यादव, उमेश यादव, शिवचरण यादव, प्रकाश यादव, मिथिलेश यादव, कामदेव यादव, रंजीत यादव, गणेश यादव, सुनील यादव, उपेंद्र यादव, पूरन यादव, नीमा यादव आदि थे।



## बेरमो आपसी भाईचारे और शांति के लिए जाना जाता है, इसे कायम रखें: बीडीओ



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बकरीद को लेकर बेरमो थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ मुकेश कुमार ने की। बैठक बेरमो के थाना प्रभारी अशोक कुमार, नप के सिटी मैनेजर कुमार निशांत की उपस्थिति में की गयी। जिसमें बकरीद त्योहार को शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर चर्चा की गयी। जानकारी दी गयी कि बकरीद के दिन सुबह बेरमो थाना क्षेत्र के 13 स्थानों पर लोग नवाज अदा करेंगे। जिसमें करगली फुटबॉल ग्राउंड, करगली स्थित महिला मंडल सहित राजाबेड़ा के अंसारी मोहल्ला और शाह मोहल्ला, भेड़मुक्का, पटेल नगर के मदनी मस्जिद और मक्का मस्जिद, रहीमगंज, बीडीओ ऑफिस के रजा नगर, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, अमलो बस्ती, सुभाष नगर खनका, रामनगर मदरसा शामिल हैं। बीडीओ मुकेश कुमार ने सभी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य ना करें जिससे आपसी सौहार्द बिगड़े। गंगा जमुनी की मिशाल पेश करते हुए त्योहार मनाए। बेरमो आपसी भाईचारे और शांति के लिए जाना जाता है कृपया इसे कायम रखें। साथ ही बेरमो में कार्यभार संभालने पर कहा कि यहां नया हूं। आप लोगों की सहयोग की अपेक्षा है। यहां का सभी लंबित कार्य का निष्पादन करने में लगा हूं। वहीं, थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि बैठक में बकरीद को लेकर बेरमो की जनता ने दिल से सहयोग करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जो भी संवेदनशील स्थान है वहां पुलिस अधिकारी 24 घंटे पहले से तैनात रहेंगे। वहीं, लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि सोमवार को त्योहार है। इसको देखते हुए रविवार की रात सफाई करवा दें और पानी का छिड़काव करवाया जाए।इस मौके पर वरीय नेता महेंद्र विश्वकर्मा, मो कलाम खान, परवेज अख्तर, बैजनाथ महतो, मदन महतो, जितेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, वीवेश सिंह, अर्जुन रविदास, भुनेश्वर रविदास, सरण सिंह राणा, कैलेश ठाकुर, बैजू मालाकार, भाई प्रमोद सिंह, जसीम रजा, मोइसिन रजा, गुलचंद मिश्रा, जवाहर लाल यादव, शंकर कुमार आदि थे।

## सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें बकरीद : धीरज कुमार

**महुदा (आजाद सिपाही)।** ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व मनाने को लेकर रविवार को महुदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी धीरज कुमार ने की। इस दौरान थाना प्रभारी धीरज कुमार ने लोगों से कहा कि मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाएं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे में कहीं भी कोई अफवाह फैले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में मुखिया महेश पटवारी, सूर्यकान्त महतो, शिक्षक भरत महतो, करामत अंसारी, पंसस समीम शेख आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस व जमसं (बच्चा गुट) छोड़कर दर्जनों लोगों ने ली जश्रसं की सदस्यता

# सिंह मेंशन परिवार मजदूरों के हर सुख-दुख में साथ रहा है और रहेगा : रागिनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सरायढेला स्थित सिंह मेंशन में रविवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र के भौंरा और सुदमडीह में रहने वाले हजारों मजदूरोंएवं वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता शिव कुमार यादव और मुन्ना सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस व बच्चा गुट छोड़कर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) की महामंत्री रागिनी सिंह में आस्था जताते हुए जश्रसं-भाजपा के सदस्यता ग्रहण कर ली। रागिनी सिंह ने सभी मजदूरों का माला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें जश्रसं व भाजपा की सदस्यता दिलाई। रागिनी सिंह ने कहा कि सिंह मेंशन परिवार मजदूरों के हर सुख-दुख में तत्परता से खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। मजदूरों के हित में किसी भी परिस्थिति का पूर्व विधायक संजीव सिंह ने सदैव डट कर सामना किया है और हम सभी उनके उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे हैं। यही कारण है कि जश्रसं में लगातार मजदूरों का जुटान हो रहा है। यह कारवां बढ़ता ही जा रहा है। वहीं मौजूद मजदूरों ने बताया कि दूसरे संगठन में वे लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे थे। कांग्रेस और बच्चा गुट के शीर्ष नेताओं ने उनकी अनदेखी की है। जबकि रागिनी रागिनी सिंह हमारे सुख दुख में साथ रहती है। यही कारण है की मजदूरों में जश्रसं के प्रति विश्वास और समर्पण बढ़ा है। इस दिन जश्रसं में शामिल होने वालों में रामचंद्र कुमार सुरेंद्र सिंह, सुदामा गड़ेडी, दिलीप सिंह, रमेश ठाकुर, सुनील पासवान, पारस रवानी, मोनू रवानी, अमित सिंह, सूरज कुमार, सत्येंद्र कुमार, बैजनाथ सुमित, मोदक पंकज रवानी, मेघनाथ रवानी, साधन रवानी, जितेंद्र चौहान, दिलीप कुमार, बलिराम रवानी, उमेश सिंह, मयंक सिंह, विवेक कुमारआदि शामिल थे।



कांग्रेस व जमसं (बच्चा गुट) छोड़ कर आये मजदूरों का सिंह मेशन कार्यालय में जश्रसं में स्वागत करते संगठन की महामंत्री रागिनी सिंह।

## अफवाह पर ध्यान ना दें, शांतिपूर्ण बकरीद का पर्व मनायें : डीएसपी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** बकरीद पर्व को लेकर रविवार की शाम सिंदरी डीएसपी के नेतृत्व में झरिया शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें झरिया थाना प्रभारी, जोड़ापोखर थाना प्रभारी और बोरागढ़ ओपी सहित बड़ी संख्या में जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च थाना से निकलकर झरिया, बोरागढ़, जोरापोखर समेत अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर वापस थाना पहुंचा। इस अवसर पर सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत ने कहा कि विधि व्यवस्था को लेकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने बकरीद पर्व के दौरान लोगों को किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देने और शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात अपील की।


आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 17 जून, 2024
www.azadsipahi.in



### प्रधानमंत्री के जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले गृह मंत्री ने की बैठक

# आतंकवाद को कुचलें, मददगारों को भी न बख्शें : अमित शाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। वह 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रममें शामिल होंगे। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में रविवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ायी जाये। बैठक में गृह मंत्री का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आये थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिये जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जा सकता है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का फैसला लिया है। बैठक में गृह सचिव, जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, एनएसए अजीत डोभाल, सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल, रॉ, आइबी, सेना और पुलिस अफसर मौजूद थे।

# रथ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** रथ यात्रा की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री ने एक अहम बैठक बुलाई। बैठक में सुव्यवस्थित रथ यात्रा पर चर्चा की गयी। बैठक मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, भक्तों और भगवान के मिलन के महान पर्व रथयात्रा और स्नान पूर्णिमा को लेकर चर्चा हुई। इस वर्ष रथ यात्रा में सुव्यवस्थित नीति और सुगम दर्शन कैसे हो इस पर जोर दिया जा रहा है। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री प्रभाती परिडा, मुख्य सचिव प्रदीप जेना, खुफिया निदेशक सौमेंद्र प्रियदर्शी, कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, पुलिस महानिदेशक अरुण षड़ंगी उपस्थित थे। रथयात्रा को सुव्यवस्थित के साथ पूरा करने और भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस साल 15 दिनों के बजाय 13 दिन होंगे अणसर नीति। सेवायत को नीति की चिंता है क्योंकि रथ यात्रा के लिए दो दिन का समय उनके हाथ में है। सुव्यवस्थित नीति के लिए सभी सेवायतों का सहयोग भी मांगा गया है।

# अयोध्या आ रहा देश का सबसे बड़ा धनुष लंबाई 33 फीट और वजन 3400 किलो है

**लखनऊ।** अयोध्या में देश का सबसे लंबा धनुष और बाण स्थापित होगा। धनुष की लंबाई 33 फीट और वजन 3400 किलो है। धनुष के साथ 3900 किलो का गदा भी लगेगी। गदा और धनुष-बाण पंच धातु से बनाये गये हैं। इसे राजस्थान में सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्रीजी सनातन सेवा संस्थान ने बनवाया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि सूचना मिली है कि कुछ भक्त गदा और धनुष-बाण लेकर आ रहे हैं। पहले उसे कारसेवकपुरम में रखा जायेगा, फिर तय किया जायेगा कि इन्हें कहां स्थापित किया जाये।



































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**